हरिभूमि

# सिरसा-फतेहाबाद भूमि

रोहतक, शनिवार, 22 नवंबर 2025

10 डीसी से मिले भट्टू के किसान, शर्तें हटाकर...



9 सांसद खेल महोत्सव युवाओं को देगा नई दिशा...



## खबर संक्षेप



### 398 ग्राम चरस सहित एक युवक गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** नशा तस्करों पर कार्रवाई करते हुए सीआईए फतेहाबाद पुलिस ने 398 ग्राम चरस बरामद कर एक युवक को काबू करने में सफलता हासिल की है। पकड़े गए युवक की पहचान मैनपाल उर्फ पाली पुत्र गजे सिंह निवासी जांडली खुर्द के रूप में हुई है। सीआईए प्रभारी उपनिरीक्षक वेदपाल ने बताया कि पुलिस टीम अपराधियों की धरपकड़ को लेकर गश्त पर थी। इस दौरान पुलिस टीम को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि गांव जांडली खुर्द क्षेत्र में मैनपाल उर्फ पाली पुत्र गजे सिंह निवासी जांडली खुर्द चरस की अवैध सप्लाई की फिराक में घूम रहा है।

### युवक हेरोइन सहित महिला तस्कर गिरफ्तार

**कालांवाली।** पुलिस ने गश्त के दौरान गांव गदराना से एक महिला को 8.51 ग्राम हेरोइन सहित काबू किया है। कालांवाली थाना प्रभारी पीएसआई सुनील कुमार ने बताया कि एएसआई रामचंद्र पुलिस पार्टी के साथ गश्त के दौरान नहर पुल गदराना के पास कच्चा रास्ता से जा रहे थे। नहर पुल पर एक औरत खड़ी दिखाई दी। जो पुलिस पार्टी को देखकर एकदम घबराकर तेज कदमों से चलने लगी।

### युवक 600 नशीली गोलियों सहित गिरफ्तार

**कालांवाली।** पुलिस ने गांव गदराना से रवि उर्फ लखी पुत्र तरसेम निवासी गदराना जिला सिरसा को काबू करने में सफलता हासिल की। कालांवाली थाना प्रभारी सुनील कुमार ने बताया कि मेडिकल नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कार्यवाही करते हुए उन्होंने अपनी टीम के साथ गश्त पड़ताल अपराध के दौरान गांव गदराना में उन्होंने शक के आधार पर एक युवक को रोककर तलाशी ली तो उनके कब्जा से नशे में प्रयुक्त होने वाली 600 गोलियां टेम्पेन्टाडोल की बरामद हुई। उक्त युवक को 172 बीएनएसएस के तहत डिटेन कर कार्रवाई की गई।

### लाखों की ठगी में दूसरा आरोपी गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** साइबर थाना पुलिस ने लाखों रुपये की ऑनलाइन ठगी करने वाले दूसरे आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान अलफैज खान पुत्र लियाक खान निवासी अलीगंज बेहटा, जिला लखनऊ, उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी से 10 हजार की रकम बरामद की है। साइबर थाना फतेहाबाद प्रभारी राहुल देव ने बताया कि शिकायतकर्ता विजय कुमार पुत्र जगदीश कुमार, निवासी भोडिया खेड़ा, जिला फतेहाबाद ने शिकायत दी थी कि उसे टेलीग्राम ग्रुप में जोडक़र रिव्यू के फर्जी टास्क भेजे गए और लालच देकर कहा गया कि रिव्यू करने पर भुगतान किया जाएगा। इसी बहाने आरोपियों ने शिकायतकर्ता से कुल 3 लाख 8 हजार 400 रुपये की साइबर ठगी कर ली।

### दहेज को लेकर घरेलू हिंसा का आरोपी पति गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** महिला थाना फतेहाबाद पुलिस ने दहेज को लेकर घरेलू हिंसा करने के मामले में आरोपी पति को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान लखविन्द्र सिंह पुत्र दीवान सिंह, निवासी माजरा, फतेहाबाद के रूप में हुई है । महिला थाना प्रबंधक निरीक्षक अरूणा ने बताया कि पीड़िता ने थाना महिला में शिकायत दर्ज कराई थी कि उसके पति एवं परिवारजनों द्वारा दहेज की मांग को लेकर उसके साथ लगातार मानसिक एवं शारीरिक प्रताडऩा की जा रही है। शिकायत की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी पति लखविन्द्र सिंह को गिरफ्तार कर लिया है।


# दिन के तापमान में हल्की गिरावट व रात्रि में हल्की बढ़ोतरी, रबी की बिजाई के अनुकूल है

## तापमान, बादलवाई से बदलेगा मौसम, नमी बढ़ने से धुंध छाने के बढ़ने लगे आसार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

- न्यूनतम तापमान लगभग 11 अधिकतम 26 डिग्री दर्ज किया

सर्दी का आगाज होते ही नवंबर माह में तीन बार मौसम ने करवट ली और दिन में गर्मी और रात को ठंडक का अहसास होने लगा है। रविवार 23 नवंबर से एक बार फिर मौसम करवट लेगा, जिससे दिन के तापमान में हलकी गिरावट और रात्रि के तापमान में बढ़ोतरी की संभावना है। हवा में बार-बार बदलाव होने तथा हवाएं हल्की गति से चल सकती है, जिस कारण वातावरण बादलवाई से मौसम बदलेगा। वातावरण में नमी बढऩे में



**फतेहाबाद।** सुबह के समय हाइवे पर छाया हलका कोहरा।



नमी बढऩे से आने वाले दिनों में सुबह के समय धुंध छाएगी। धुंध छाने से विजिबिलिटी में कमी आ आएगी। फिलहाल फतेहाबाद में सुबह के दौरान न्यूनतम तापमान लगभग 11 डिग्री के आसपास चल रहा और दिन के समय अधिकतम तापमान करीब 26 डिग्री दर्ज किया जा रहा है। 24 प्रतिशत तक नमी दर्ज की जा रही है। हवा की गति हल्की गति के साथ दिशा-बदलाव कर रही है। प्रदेश में मौसम आमतौर पर 23 नवंबर तक खुश्क परंतु परिवर्तनशील संभावित है। मौसम विभाग के अनुसार इस दौरान पश्चिमी विक्षोभ के आंशिक प्रभाव से बीच बीच में आंशिक बादलवाई रहने की भी संभावना है। फिलहाल के मौसम में लोगों को सुबह के समय ठंडक महसूस हो रही है। वहीं दिन के समय हल्की धूप जाने से मौसम में गर्माहट महसूस होती है। मौसम वैज्ञानिकों का मानना है कि नजदीक के समय में बारिश की संभावना न के बराबर है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार धूप में कुछ देर बिताना स्वास्थ्य के लिहाज से अच्छा है लेकिन सांस लेने में असुविधा हो तो थोड़ा समय आराम जरूर लें। स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों से ग्रस्त व्यक्ति, बच्चे, बूढ़े, सांस के रोगी सुबह-सुबह और शाम के समय ठंड से बचाव के लिए विशेष ध्यान रखें। प्रदूषण जैसे माहौल की स्थिति में सुबह शाम घर से बाहर निकलने से परहेज करें।

### गेहूं बिजाई के लिए उचित समय

कृषि विभाग के अनुसार खेती-बाड़ी के नजरिए से गेहूं बिजाई का उचित समय चल रहा है। लगातार किसान बिजाई कर रहे हैं और सिंचाई की उचित व्यवस्था के साथ तापमान बिजाई के अनुकूल है। कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि किसानों को बिजाई में देरी नहीं करनी चाहिए। समय रहते बिजाई के साथ आने वाले दिनों में फसल अंकुरण के साथ पहली सिंचाई समय पर हो पाएगी।

### तापमान में बदलाव संभव : खीचड

हरियाणा में मौसम आमतौर पर 23 नवंबर तक खुश्क परंतु परिवर्तनशील रहने की संभावना है। इस दौरान पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से बीच बीच में आंशिक बादलवाई छाई रह सकती है, जिससे दिन के तापमान में हल्की गिरावट व रात्रि तापमान में हल्की बढ़ोतरी संभावित है। इस दौरान हवा में बार बार बदलाव होने तथा हवाएं हल्की गति से चलने की संभावना है। वातावरण में नमी बढने से कुछ एक स्थानों पर अलसुबह हल्की धुंध भी छाई रहेगी।

-डॉ. मदन खीचड़, विभागाध्यक्ष, कृषि मौसम विज्ञान विभाग, एचएयू, हिसार

## जिला परिषद चेयरपर्सन के सामने आया राजनीतिक संकट खत्म

# भाजपा जिलाध्यक्ष के प्रयास से 12 विरोधी पार्षदों सहित 16 हुए सहमत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

- विरोधी खेमे के कद्दावर पार्षद बंटी गढ़वाल भी हुए सहमत

लंबे अंतराल के बाद शुक्रवार को आखिरकार जिला परिषद के लिए एक अच्छी खबर निकल कर आई। जिला परिषद हाऊस की बैठक में 18 में से 16 पार्षदों ने भाग लेकर चेयरपर्सन सुमन खिचड़ के सामने खड़े राजनीतिक संकट को खत्म कर दिया। बता दें कि 23 जुलाई को जिला परिषद के 18 सदस्यों में से 12 ने चेयरपर्सन सुमन खीचड़ के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने के लिए डीसी से बैठक बुलाने की मांग की थी। तब से न जिला परिषद की मीटिंग हो रही थी और न ही विकास कार्य हो रहे थे। इन सबके चलते भाजपा के जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा ने अपने प्रयास शुरू किए और विरोधी जिला पार्षदों को सैट कर चेयरपर्सन के समर्थन में लाने में सफल हो गए। एक समय जब 12 पार्षद चेयरपर्सन के खिलाफ खड़े थे, वहीं शुक्रवार को 16 पार्षदों ने मीटिंग में चेयरपर्सन का समर्थन कर एक बारगी तो अविश्वास को सिरे से खारिज कर दिया। इतना ही नहीं मीटिंग में सभी जिला पार्षदों चेयरपर्सन के सुर में सुर मिलाकर विकास कार्यों के लिए सर्वसम्मति व्यक्त की। विरोधी खेमे के सबसे कद्दावर पार्षद माने जाने वाले बंटी गढ़वाल ने भी मिलकर काम करने की बात कही। इन सबके लिए भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा को श्रेय दिया जा रहा है।



**फतेहाबाद।** सफल मीटिंग पर चेयरपर्सन को बधाई देते बीजेपी जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा। **फोटो : हरिभूमि**

### 6 महीने बाद शुक्रवार को बैठक हुई

करीब 6 महीने बाद जिला परिषद की शुक्रवार को बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता चेयरपर्सन सुमन खिचड़ ने की। बैठक में रतिया के कांग्रेसी विधायक जरनैल सिंह, रतिया और भट्टू के पंचायत समिति चेयरपर्सन भी मौजूद रहे। बैठक में वे पार्षद भी शामिल हुए जिन्होंने चार महीने पहले चेयरपर्सन के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने की मांग की थी। विधायक जरनैल सिंह ने कार्यकारी अभियंता देवेंद्र सिंह से जिला परिषद के तहत बनाई सडक़ों की सूची मांगी। इस पर अध्यक्ष सुमन खीचड़ ने एक सप्ताह के भीतर ईमेल और वॉट्सऐप के माध्यम से सूची भेजने का आश्वासन दिया।

### बैठक में मुख्य रूप से 6 प्रस्ताव रखे

आज हुई जिला परिषद की बैठक में मुख्य रूप से 6 प्रस्ताव रखे गए थे, जिनके अतिरिक्त 12 अन्य प्रस्ताव भी सामने आए। इन सभी को सर्वसम्मति से पारित कर दिया गया। बैठक में छह महीने की देरी पर चेयरपर्सन ने कहा कि जरूरत के अनुसार बैठकें करवाई जाती हैं और विकास कार्य प्रभावित नहीं होने दिए जाएंगे। पार्षद बंटी गढ़वाल ने कहा कि जनता के काम करवाना आवश्यक है, इसलिए जनहित को देखते हुए सभी मिलकर कार्य करेंगे। जिला पार्षद गौरव शर्मा ने अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर नाराजगी व्यक्त की। इस संबंध में चेयरपर्सन सुमन खीचड़ ने स्पष्ट किया कि गौरव शर्मा की नाराजगी अधिकारियों से थी, जिन्होंने काम में देरी के लिए समय मांगा है और जल्द ही उसे पूरा करने का वादा किया है। पार्षदों के साथ मनमुटाव पर जिप चेयरपर्सन सुमन खीचड़ ने बताया कि पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीन जोड़ा के हस्तक्षेप से यह दूर हो गया है। उन्होंने कहा कि सभी पार्षद एकजुट होकर जिले के ग्रामीण इलाकों का विकास चाहते हैं।

## एचएसईबी यूनियन समिति पहुंची सिरसा

# कर्मचारियों के मुद्दों पर किया आर-पार के संघर्ष का ऐलान



**सिरसा।** कर्मचारियों को संबोधित करते हुए राज्य प्रधान इकबाल चंदाना।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

एचएसईबी वर्कर यूनियन हेड ऑफिस भिवानी की वार्ता समिति शुक्रवार को सिरसा सर्कल में पहुंची। इस मौके पर राज्य प्रधान इकबाल चंदाना ने कहा कि बिजली कर्मचारियों पर ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी लागूनहीं होने दी जाएगी और टेक्निकल कर्मचारियों के लिए ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी मौत के फरमान जैसा आदेश है, जिसे किसी भी कीमत पर लागू नहीं होने दिया जाएगा। राज्य महासचिव यशपाल देसवाल ने कहा कि प्रदेश का बिजली कर्मचारी अपनी जान दांव पर लगाकर उपभोक्ताओं के घर बिजली पहुंचाता है और दिन प्रतिदिन कर्मचारियों के फेटल और नॉन फेटल दुर्घटनाओ में इजाफा हो रहा है।

### संगठन करेंगे मजबूत

राज्य मुख्यसंगठनकर्ता विनोद शर्मा ने कहा कि बिजली कर्मचारियों का सबसे बड़ा संगठन एचएसईबी वर्कर यूनियन है और पूरे प्रदेश में घूमकर हम इसे और मजबूत करने का काम करेंगे और दूर दराज सर्कलों में बैठे सभी कर्मचारियों को ग्रह सर्कल में वापिस करवाने के लिए निगम मैनेजमेंट से बातचीत की जाएगी। राज्य वरिष्ठ उप प्रधान अशोक शर्मा ने कहा कि बार-बार समाचार पत्रों के माध्यम से सरकार द्वारा कैशलेस मेडिकल फैसिलिटी लागू करने का बयान देने के बाद भी आज वर्षों तक धरातल पर लागू न करना सरकार के दोगले और झूठे चरित्र को दर्शाता है। सचिव श्याम लाल खोड ने कर्मचारियों के एक्सग्रेसिया बिना शर्त लागू करने और कच्चे कर्मचारियों से जुड़ी सभी डिमांड कच्चे व पक्के कर्मचारियों पर समान रूप से लागू करवाने का कर्मचारियों को आश्वासन दिया।

# पीएम व सीएम के पोस्टरों पर पोती कालिख युवा कांग्रेस के चार नेता किए गिरफ्तार

- घटना के बाद भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

भाजपा के जिला कार्यालय के बाहर प्रधानमंत्री व हरियाणा के मुख्यमंत्री सहित शीर्ष नेताओं के पोस्टरों पर कालिख पोतने के आरोप में पुलिस ने कांग्रेस यूथ विंग के चार नेताओं को गिरफ्तार किया है। सिविल लाइन पुलिस थाना ने पार्टी के कार्यालय सचिव विष्णु शर्मा की शिकायत पर मामला दर्ज करते हुए यह कार्रवाई की है। चारों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां उन्हें जमानत पर छोड़ दिया गया।



**सिरसा।** भाजपा कार्यालय के बाहर लगे पोस्टरों पर कालिख पोतते युवक।

### भाजपा जिलाध्यक्ष ने की निंदा

भाजपा जिलाध्यक्ष यतींद्र सिंह एडवोकेट ने कहा कि यूथ कांग्रेस के कुछ मंदबुद्धि व गुंडा तत्वों द्वारा जिला भाजपा कार्यालय की दीवारों पर गलत नारे लिखे गए, वहां लगे भाजपा वरिष्ठ नेताओं के बैनरों पर भी काला रंग लगाकर कायराना हरकत की गई, जोकि औच्छी व घटिया मानसिकता को दर्शाती है। बिहार की हार से बौखलाई कांग्रेस अब इस तरह की नीच हरकतों पर उतर आई है। यतींद्र सिंह ने कहा कि वोट चोरी की बात करने वाली कांग्रेस के डीएनए में ही तो है वोट चोरी।

पुलिस का ऑपरेशन ट्रैक डाउन जारी

# बड़ी कार्रवाई: पुलिस ने इनामी बदमाश सहित 160 अपराधियों को भेजा जेल

- एसपी बोले : नशा तस्करों की प्रॉप्रटी का ब्यौरा जुटाया जा रहा है, शीघ्र ही जब्त करवाने की प्रक्रिया की जाएगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

पुलिस ने ऑपरेशन ट्रैक डाउन के तहत हत्या, लूट, डकैती, हत्या का प्रयास, छीना झपटी व अन्य संगीन मामलों वांछित 168 अपराधियों को जेल की सलाखों के पीछे भेज दिया है। सिरसा के एसपी दीपक सहारण ने शुक्रवार बताया कि पिछले 14 दिनों में 28 मामले दर्ज कर वांछित आरोपियों सहित 104 नशा तस्करों को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि हत्या, लूट, डकैती, हत्या का प्रयास,छीना झपटी व अन्य संगीन मामलों में 28 वांछित आरोपियों को गिरफ्तार किया है। हत्या के मामलें में वांछित 5 हजार रुपए के इनामी बदमाश को भी सिरसा पुलिस ने ऑपरेशन ट्रैक के तहत गिरफ्तार किया है । पुलिस अधीक्षक ने कहा कि संगीन मामलों में संलिप्त 30 लोगों की हिस्ट्रीशीट भी खोली गई है, जिस पर पुलिस लगातार निगरानी रख रही है। एसपी ने कहा कि जहां नशा तस्करों की धरपकड़ की जा रही है, वहीं नशे की काली कमाई से अर्जित की गई संपति का ब्यौरा जुटाया कर उसे जब्त करवाने की प्रक्रिया शुरु कर दी है। इसके अतिरिक्त दो नशा तस्करों की संपति को भी चिंहित कर कर लिया है, जिसे शीघ्र ही स्थानीय प्रशासन की मदद से जब्त करवाई जाएगी है।

### नशे के खिलाफ जारी रहेगा अभियान

एसपी ने कहा कि यह आँकड़े केवल संख्या नहीं, बल्कि सिरसा पुलिस की उस प्रतिबद्धता का प्रमाण हैं जो जिला के हर नागरिक की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए दिन-रात तत्पर है। उन्होंने कहा कि नशे के खिलाफ भी हमारा महा अभियान जारी है जो भी व्यक्ति नशे के कारोबार में संलिप्त पाया जाता है उसके खिलाफ पुलिस सख्त एक्शन लेगी तथा उन्हें जेल की सलाखों के पीछे भेजकर ही दम लेंगे। आमजन से भी अनुरोध है कि पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान में अग्रणी भूमिका निभाए।

## भाजपा कार्यकर्ताओं में फैला आक्रोश

# सरकारी पोस्टरों पर कालिख पोती यूथ कांग्रेस पर लगाया आरोप

- पोस्टर पर वोट चोर-गद्दी छोड़ का नारा लिखा

**फतेहाबाद।** फतेहाबाद में लघु सचिवालय के बाहर लगे बैनर पर युवा कार्यकर्ताओं ने पीएम मोदी, सीएम नायब सैनी और कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी की फोटो पर कालिख पोत दी। पोस्टरों पर कालिख पोतने का आरोप यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर लगाया गया है। साथ ही पोस्टर पर वोट चोर-गद्दी छोड़ का नारा लिखा। इन युवाओं का नेतृत्व युवा कांग्रेस की प्रदेश उपाध्यक्ष चितवन गोदारा ने किया। इस दौरान वोट चोर गद्दी छोड़ का नारा लगाते हुए नारेबाजी भी की। इसकी सूचना मिलते ही बीजेपी कार्यकर्ताओं में रोष फैल गया। इस मामले में बीजेपी के फतेहाबाद जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी अपनी हार को पचा नहीं पा रही है। इसलिए उसके कार्यकर्ता ओछी हरकतों पर उतर आए हैं। इस मामले की जांच पड़ताल करवाई जा रही है। जो दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ कार्रवाई करवाई जाएगी।



**फतेहाबाद।** बीजेपी पोस्टर पर लिखा वोट चोर गद्दी छोड़ का नारा।

## साइबर अपराध

### एसपी सिद्धांत जैन ने कहा, कॉल रिकॉर्ड से लोकेशन व चैट तक सब खतरे में

इस गंभीर साइबर खतरे को लेकर नागरिकों को सतर्क किया जागरुक

# लैंडफॉल स्पाइवेयर ने बढ़ाई चिंता, सैमसंग स्मार्टफोनों को बना रहे सीधा निशाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय साइबर सुरक्षा एजेंसियों ने 'लैंडफॉल' नामक अत्याधुनिक एवं अत्यंत खतरनाक स्पाइवेयर का खुलासा किया है, जिसने सैमसंग गैलेक्सी श्रृंखला के स्मार्टफोनों को सीधा निशाना बनाया है। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन, ने इस गंभीर साइबर खतरे को लेकर नागरिकों को सतर्क किया है और कहा है कि यह मामला सामान्य साइबर धोखाधड़ी से कहीं अधिक गंभीर है। एसपी जैन ने बताया कि यह स्पाइवेयर एक अज्ञात जीरो-डे भेद्यता का उपयोग कर बिना किसी चेतावनी के फोन की प्रणाली में प्रवेश कर जाता है। साइबर अपराधी सामान्य तस्वीरों जैसी दिखने वाली मैलिशियस डीएनजी इमेज फाइलों का सहारा लेते हैं, जिनमें छिपा कोड फोन की इमेज प्रोसेसिंग लाइब्रेरी में सक्रिय होकर डिवाइस को संक्रमित कर देता है। यह एक जीरो-क्लिक हमला है उपयोगकर्ता को किसी लिंक पर क्लिक करने या फाइल खोलने की जरूरत भी नहीं पड़ती। केवल ऐसी तस्वीर प्राप्त होना ही संक्रमण के लिए पर्याप्त है। उन्होंने बताया कि संक्रमण के बाद यह स्पाइवेयर मोबाइल फोन से कॉल रिकॉर्ड, लोकेशन हिस्ट्री, फोटो, वीडियो, कॉन्टैक्ट सूची, ब्राउजिंग डेटा और चैट सामग्री चोरी कर बाहरी सर्वरों तक भेज देता है। इतना ही नहीं, यह फोन के माइक्रोफोन को सक्रिय कर आसपास की आवाजें रिकॉर्ड कर सकता है और सुरक्षा नीतियों में बदलाव कर अपनी गतिविधि को छिपाए रखता है, जिससे इसका पता लगाना बेहद कठिन हो जाता है।



एसपी सिद्धांत जैन।

### सैमसंग मोबाइल उपयोगकर्ता उठाएं यह कदम

पुलिस अधीक्षक ने नागरिकों से अपील करते हुए निर्देश दिए कि सैमसंग मोबाइल उपयोगकर्ता तुरंत अपने फोन को नवीनतम सिक्योरिटी पैच और सॉफ्टवेयर अपडेट से अपडेट करें। अनजान नंबरों या संदिग्ध स्त्रोतों से प्राप्त तस्वीरों, अटैचमेंट्स व संदेशों से सावधान रहें। मैसेजिंग एप्प्स में ऑटो मीडिया डाउनलोड बंद रखें। यदि फोन में अत्यधिक गर्माहट, बैटरी का तेजी से खत्म होना, अनजान ऐप्स का दिखाई देना, डेटा खपत में अप्राकृतिक वृद्धि या कैमरा/माइक्रोफोन की स्वतः सक्रियता जैसी गतिविधियां नजर आएं तो तुरंत साइबर सेल या नजदीकी पुलिस स्टेशन से संपर्क करें। एप्लिकेशन केवल आधिकारिक ऐप स्टोर से ही डाउनलोड करें और भरोसेमंद साइबर सुरक्षा/एंटीवायरस टूल्स का उपयोग करें। फोन संक्रमित होने का संदेह हो तो आवश्यक डेटा सुरक्षित कर फैक्ट्री रीसेट करें और आगे की प्रक्रिया के लिए पुलिस से मार्गदर्शन प्राप्त करें।



# हेलेन का जन्मदिन मनाने एकजुट हुआ खान परिवार

**मुंबई।** सलमान खान के परिवार में एक बार फिर खुशियों का दिन लौट चुका है। उनकी दूसरी मां हेलेन ने शुक्रवार को अपना जन्मदिन मनाया। ऐसे में पूरा खान परिवार एक बार फिर खास दिन को सेलिब्रेट करने के लिए एक साथ आया। हेलेन के जन्मदिन को खास मनाने के लिए कई सितारे पहुंचे। एवरग्रीन एक्ट्रेस रेखा भी हेलेन के इस खान दिन को और खास बनाने के लिए पहुंची हैं। इसके अलावा सलमान की मां सलमा खान को भी यहां देखा गया। अभिनेत्री के जन्मदिन के लिए कई सेलेब्स पार्टी में पहुंचे। लेखक और सलमान खान के पिता सलीम खान भी नजर आए। सलमान खान की मां सलमा खान भी अलग से इस पार्टी में पहुंचीं। सलमा का पार्टी में पहुंचना ये साफ दिखाता है कि उनके और हेलेन के बीच कितना प्यार है।

## लाइफ Style



# रकुल
## अजय के साथ दोस्ती का रिश्ता नहीं रख सकती

रकुल प्रीत सिंह हाल ही में अजय देवगन के साथ फिल्म 'दे दे प्यार दे 2' में नजर आईं। बॉक्स ऑफिस पर यह फिल्म ठीक-ठाक कमाई कर रही है। हाल ही में उन्होंने खुलासा किया है कि वह इंडस्ट्री में नई नहीं हैं, इसके बावजूद उन्हें अजय देवगन के मुकाबले बहुत ही कम अनुभव है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

रकुल प्रीत सिंह ने बताया है कि वह अजय देवगन के साथ दोस्ती का रिश्ता क्यों नहीं रख सकती। बॉलीवुड एक बातचीत में रकुल प्रीत सिंह ने बताया 'मैं उनके साथ दोस्ती का रिश्ता नहीं रख सकती। मेरा उनका रिश्ता सम्मान वाला है। मेरे लिए वह अभी भी अजय देवगन हैं। वह सीनियर अभिनेता हैं और बहुत अच्छे इंसान हैं। मैं अजय देवगन को सम्मान के साथ संबोधित करती हूं।' अजय देवगन के साथ रकुल प्रीत सिंह दोस्त की तरह क्यों नहीं रह सकती, इस पर उन्होंने सफाई देते हुए कहा 'जो आपकी उम्र के या आपसे कम उम्र के एक्टर होते हैं, वह आपके दोस्त बन जाते हैं। अजय देवगन को मैं सर मानती हूं। मैं अपने आपको इंडस्ट्री में नई नहीं मानती, फिर भी मेरा उनसे कम अनुभव है।' अंशुल शर्मा के निर्देशन में बनी फिल्म 'दे दे प्यार दे 2' में रकुल प्रीत और अजय देवगन के अलावा आर माधवन, गौतमी कपूर, जावेद जाफरी, मीजान जाफरी और अर्जुन पांचाल जैसे कलाकार हैं। यह फिल्म सिनेमाघरों में 14 नवंबर को रिलीज हुई थी। इसमें बड़ी उम्र के पुरुष का छोटी उम्र की लड़की के साथ रोमांस दिखाया गया है। बॉक्स ऑफिस पर फिल्म ने अब तक 51.10 करोड़ रुपये का कलेक्शन कर लिया है।

## हॉलीवुड मसाला



# हॉलीवुड वॉक ऑफ फेम स्टार से सम्मानित

**लॉस एंजिल्स।** मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स के फैंस के दिलों में दिवंगत चैडविक बोसमैन के लिए एक बेहद खास जगह है। पर्दे पर सुपरहीरो 'ब्लैक पैंथर' का रोल निभाने वाले चैडविक को 5 साल पहले 2020 में नासूर कैंसर ने हम सभी से छीन लिया। गुरुवार को चैडविक बोसमैन को 'हॉलीवुड वॉक ऑफ फेम' स्टार देकर सम्मानित किया गया है। इस मौके पर उनकी विधवा सिमोन लेडवर्ड-बोसमैन मौजूद रहीं। दिवंगत पति को मिले सम्मान को पाकर जहां सिमोन के चेहरे पर एक हंसी थी, वहीं आंखों में नमी और दिल की गहराई में दुख का सैलाब भी था। 'हॉलीवुड वॉक ऑफ फेम' के स्टार सेरेमनी में सिमोन लेडवर्ड-बोसमैन के साथ ही 'ब्लैक पैंथर' फिल्म के डायरेक्टर रयान कूगलर और एक्टर वियोला डेविस भी मौजूद थीं।



# मिस यूनिवर्स के स्टेज पर मुंह के बल गिरी मिस जमैका

**नई दिल्ली।** मिस यूनिवर्स 2025 के इवेंट के दौरान एक बड़ा हादसा हो गया। थाईलैंड में मिस यूनिवर्स 2025 की प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस हादसे में मिस जमैका को बुरी तरह से चोट लग गई है। ये हादसा फिनाले से सिर्फ दो दिन पहले 19 नवंबर को हुआ था, जिसका वीडियो अब खूब वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में मिस जमैका ऑरेंज कलर की बेहद खूबसूरत इवनिंग गाउन में हाई हील्स पहनकर वॉक करती नजर आ रही हैं। वो बहुत ही खूबसूरत लग रही हैं और बहुत आराम से वॉक कर रही हैं। मगर अचानक से चलते हुए वो स्टेज के किनारे पर पहुंच जाती हैं और बुरी तरह से नीचे गिर जाती हैं। मिस जमैका 28 साल की गैब्रिएल हैं। जिनका वीडियो देखकर हर कोई चौंक रहा है। गैब्रिएल का सिर्फ एक स्टेप मिस हो जाता है और वो गिर जाती हैं। इस वीडियो में दिखाया गया है कि इस घटना के बाद उन्हें तुरंत स्ट्रेचर पर स्टेज से ले जाते हैं। जो भी इस वीडियो को देख रहा है वो कमेंट करके मिस जमैका की तबीयत के बारे में पूछ रहा है। हर किसी को चिंता हो रही है कि उन्हें कहीं ज्यादा तो नहीं लग गई है। मिस यूनिवर्स जमैका ऑर्गनाइजेशन ने 19 नवंबर को इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर करके इस हादसे के बारे में बताया है।



# बतौर निर्देशक नए जॉनर में हाथ आजमाने को तैयार

**मुंबई।** कोंकणा सेन शर्मा ने न सिर्फ एक अभिनेत्री बल्कि एक डायरेक्टर के तौर पर भी अपनी पहचान बनाई है। उन्होंने साल 2016 में आई फिल्म 'डेथ इन द गंज' का निर्देशन किया। वह 'लस्ट स्टोरीज 2' की सह-निर्देशक रहीं। अब एक्ट्रेस-डायरेक्टर ने अपने अगले डायरेक्टोरियल प्रोजेक्ट के बारे में अपडेट दी है। अपने अगले प्रोजेक्ट के बारे में जानकारी देते हुए कोंकणा सेन शर्मा ने बताया 'यह एक कॉमेडी शो है, जिसे मैं अपने कॉलेज के दोस्त जयदीप सरकार के साथ लिख रही हूं और इसका निर्देशन कर रही हूं। मैं इसे लेकर थोड़ी घबराई हुई हूं, लेकिन इसके साथ हमें मजा आने वाला है।' कई कलाकार अपने निर्देशन में बन रहे शो में काम करते हैं। ऐसे में कोंकणा सेन शर्मा से पूछा गया कि क्या वह अपने निर्देशन में बन रहे शो में काम करेंगी? इस पर उन्होंने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि मैं इसमें बतौर अभिनेत्री काम करूंगी।



# युद्ध नहीं, कुर्बानी दिखाती है 120 बहादुर

**मुंबई।** फरहान अख्तर की फिल्म '120 बहादुर' का दर्शकों को काफी इंतजार था। यह फिल्म 21 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। फिल्म सच्ची घटना पर आधारित है। कई दर्शकों ने फिल्म को देखकर इस पर प्रतिक्रिया दी है। आइए जानते हैं दर्शकों को यह फिल्म कैसी लगी है? एक यूजर ने '120 बहादुर' और फरहान अख्तर की तारीफ की है। उन्होंने लिखा है 'क्या हम फरहान अख्तर की स्क्रीन प्रेजेंस के बारे में बात कर सकते हैं? हर फ्रेम, हर डायलॉग और हर झलक बहुत अच्छी है। इस फिल्म को सिर्फ उनके लिए देखा जाना चाहिए।' एक यूजर ने फिल्म की तारीफ की है। उन्होंने लिखा है '120 बहादुर फिल्म देखी। बिना हवा के सपोर्ट के 118 जवान -30 डिग्री में आखिरी सांस और आखिरी गोली तक लड़े। यह फिल्म युद्ध नहीं कुर्बानी दिखाती है।

## टीवी मसाला



# बिग बॉस के घर में आते ही तान्या के भाई ने किए कई खुलासे

**नई दिल्ली।** 'बिग बॉस 19' के फैमिली वीक में इस बार घर का माहौल तब और दिलचस्प हो गया जब तान्या मित्तल के भाई अमृतेश मित्तल शो में पहुंचे। जैसे ही वो घर में दाखिल हुए, तान्या भावुक हो गईं और उन्हें देखकर पहले पैर छुए फिर गले लगाया। लेकिन, असली कहानी तब शुरू हुई जब एक-एक कर घरवाले उनके सामने तान्या द्वारा शो के दौरान किए गए दावों को लेकर सवाल लेकर पहुंचने लगे। मेकर्स ने प्रोमो में दिखाया कि कैसे तान्या के भाई हर सवाल का जवाब शांत तरीके से दे रहे हैं और बहन के बचाव में साफ-साफ अपना पक्ष रखते दिख रहे हैं। शो के मेकर्स द्वारा अब तक कई प्रोमोज साझा किए गए हैं, जिनमें तान्या के भाई एक-एक सारे मुद्दों पर सफाई देते हुए नजर आ रहे हैं। 'बिग बॉस' के लाइव से वायरल हुए वीडियो में प्रणित किचन में लिफ्ट के दावे पर तान्या के भाई से सवाल पूछते हैं। इस पर तान्या के भाई कहते हैं कि हमारे ग्वालियर में ऊंची ऊंची बिल्डिंग्स नहीं हैं। ऐसे में बुजुर्गों के लिए घर में लिफ्ट बहुत आम तौर पर घरों में लगवाई जाती है। हमारे सारे रिश्तेदारों के घरों में ही ऐसा किया जाता है। इस दौरान साथ बैठीं तान्या भी यही बात दोहराते हुए नजर आती हैं। इसके बाद बातचीत फैक्ट्री वाले बयान पर पहुंची, जिसे लेकर भी घर में कई दिनों से सवाल उठते रहे थे। इस पर तान्या के भाई ने सरल शब्दों में समझाया कि उनके पिता का बिजनेस क्या है और कैसे लोग बिना पूरी जानकारी के बातें बना लेते हैं।

## मेरे दिल में एक डर बना हुआ है :दीपिका

**नई दिल्ली।** टीवी अभिनेत्री दीपिका कक्कड़ ने हाल ही में अपने यूट्यूब चैनल पर बहुत भावुक होकर बताया कि उन्हें लिवर कैंसर हो गया है। अभी उनकी सभी मेडिकल रिपोर्ट्स नॉर्मल आ रही हैं, लेकिन फिर भी वे हर दिन डर,



चिंता और शारीरिक परेशानियों से गुजर रही हैं। दीपिका ने कहा, 'कभी-कभी मैं बहुत खुश और उम्मीद से भरी रहती हूं, तो कभी अचानक डर लगने लगता है। मेरा दिल इतना कुछ सह नहीं पाता।' दीपिका ने बताया कि हर दिन कुछ नई समस्या आती हैं। कभी थायरॉइड बढ़ता-घटता है तो कभी हार्मोनल बदलाव होते हैं, त्वचा बहुत रूखी हो गई है, हाथ फट रहे हैं, कान-गले में दबाव और नाक में सूखापन रहता है। अपने पति शोएब इब्राहिम के साथ रिकॉर्ड किए इस वीडियो में दीपिका ने आगे कहा, 'यह सफर बहुत थकाऊ है, लेकिन हमें हार नहीं माननी है। हमारे पास सिर्फ दो रास्ते हैं। पहला या तो डर के साथ बैठ जाएं और दूसरा डर के साथ ही आगे बढ़ते रहें। मैं आगे बढ़ना चाहती हूं।' दीपिका ने इस वीडियो में उन सभी लोगों से कहा, जो कैंसर जैसी बीमारी से लड़ रहे हैं, 'हिम्मत मत हारो, खुद को बार-बार समझाओ कि सब ठीक हो जाएगा और अल्लाह पर पूरा भरोसा रखो।'

# इस एक्ट्रेस को प्रॉस्टिट्यूशन के लिए किया था मजबूर ठेले पर श्मशान घाट पहुंची थी उनकी लाश

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड स्टार्स की लाइफ जितनी आसान और लग्जरी दिखती है वैसी होती नहीं है। उन्हें काफी उतार-चढ़ाव देखने पड़ते हैं। अब हम आपको एक ऐसी एक्ट्रेस के बारे में बताने वाले हैं जिन्होंने पहले काफी सक्सेस एंजॉय की, लेकिन फिर एक वक्त ऐसा आया कि उन्होंने मनी और फेम सब गवा दिया। विमी को म्यूजिक डायरेक्टर रवि ने डिस्कवल किया और उस वक्त वह पहले से शादीशुदा थीं। दोनों के 2 बच्चे भी थे। एक बेटा और एक बेटी। विमी के पति ने उनका पूरा सपोर्ट किया और दोनों मुंबई शिफ्ट हो गए ,जहां विमी ने सुनील दत्त की फिल्म हमराज से डेब्यू किया था। दोनों ने साथ में आबू, पतंगा, गुड्डी समेत कई फिल्मों में साथ काम किया था। 1977 में विमी का लिवर की बीमारी की वजह से निधन हो गया। ऐसा कहा जाता है कि उनके निधन के वक्त कोई भी उनका अपना नहीं था और श्मशान घाट उन्हें ठेले पर लेकर गए।



### प्रेमी ने किया गलत इस्तेमाल

ऐसा कहा जाता है कि विमी को फिर एक फिल्म ब्रोकर से प्यार हो गया है था, लेकिन उसने विमी का गलत इस्तेमाल किया और उन्हें प्रॉस्टिट्यूशनके लिए मजबूर किया। उस टॉक्सिक रिलेशन से बाहर आने के बाद विमी ने फिर टेक्सटाइल बिजनेस शुरू किया। बिजनेस भी जब फेल हो गया तो विमी को अपना सारा सामान बेचना पड़ा और घर भी।

### लग्जरी लाइफ के बाद आया भूचाल

एक पॉइंट पर विमी का बड़ा घर था, लग्जरी गाड़ियां थी। उन्हें बॉलीवुड की सबसे खूबसूरत एक्ट्रेसेस में से एक माना जाता था। इतना ही नहीं, वह उस समय की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली एक्ट्रेसेस में से एक भी थीं। हालांकि विमी की ये शोहरत ज्यादा लंबी नहीं चली। रिपोर्ट्स के मुताबिक उनकी फिल्में फ्लॉप होने लगी और बात यहां तक आ गई कि वह सिर्फ मैगजीन के लिए फोटोशूट तक करती थीं।

### पर्सनल लाइफ में आया बड़ा बदलाव

ना सिर्फ प्रोफेशनल, बल्कि पर्सनल लाइफ में भी उनकी लाइफ में बड़ा तूफान आया। विमी अपने पति से अलग हो गई थीं। रिपोर्ट्स के मुताबिक विमी के निधन के बाद जारी एक श्रद्धांजलि लेख में यह भी बताया गया कि एक्ट्रेस घरेलू हिंसा का शिकार होती थीं।

# 'दो दीवाने सहर में' का फर्स्ट लुक जारी

**मुंबई।** संजय लीला भंसाली के प्रोडक्शंस के तहत बन रही फिल्म 'दो दीवाने सहर में' का पहला लुक सामने आया है। निर्माताओं ने सिद्धांत चतुर्वेदी और मृणाल ठाकुर की अदाकारी वाली इस फिल्म की रिलीज की तारीख का भी ऐलान किया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर फर्स्ट लुक जारी करते हुए निर्माताओं ने लिखा 'दो दिल एक सहर, एक अपूर्ण रूप से पूर्ण प्रेम कहानी। इस वैलेंटाइन डे पर इश्क से इश्क हो जाएगा। दो दीवाने सहर में 20 फरवरी 2026 को रिलीज होगी।' जारी किए गए फर्स्ट लुक में सबसे पहले पानी में पड़ा पत्ता नजर आता है। इसके बाद दो चाय के साथ दो हाथ नजर आते हैं। फिर फूलों पर मंडराती तितलियां नजर आती हैं। इसके बाद पहाड़ों का दृश्य दिखता है।




### कई सेलेब्स ने किया लाइक

मेट्रो में एक व्यक्ति सफर करता नजर आता है। फिर पुल के पास बैठा एक जोड़ा नजर आता है। इसके बाद एक जोड़ा पानी में भीगता है। फिल्म के फर्स्ट लुक को कई सेलेब्स ने लाइक किया है और इस पर कमेंट किए हैं। अभिनेत्री संदीपा धर ने पोस्ट पर दिल वाला इमेज कमेंट किया है। फिल्म निर्देशक जोया अख्तर ने लिखा है 'सिड, मृणाल।' एक और यूजर ने लिखा है 'मुझे टाइटल पसंद आया। इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार है।'

## अजय की भोला से लेकर ऋतिक की विक्रम वेधा तक

# साउथ की ये रीमेक फिल्में बॉलीवुड में रहीं फ्लॉप

एजेंसी ⏭ मुंबई

बॉलीवुड में अक्सर साउथ की फिल्मों के रीमेक बनते हैं। कई बार यह फिल्में इतनी कामयाब हो जाती हैं कि कमाई के मामले में ये ओरिजिनल फिल्म को पीछे छोड़ देती हैं। आज हम उन बॉलीवुड फिल्मों की बात करेंगे जो साउथ की कामयाब फिल्मों की रीमेक हैं। हालांकि, ये फिल्में बॉलीवुड में फ्लॉप रहीं।

### शहजादा

कार्तिक आर्यन और कृति सेनन स्टारर फिल्म 'शहजादा' (2023) में रिलीज हुई थी। यह फिल्म तेलुगु ब्लॉकबस्टर 'अला वैकुंठपुरमुलु' (अल्लू अर्जुन वाली) पर आधारित थी। यह फिल्म उस तरह से नहीं चल पाई जैसे इसने साउथ में परफॉर्म किया था। दर्शकों को तेलुगु मूवी में अल्लू अर्जुन का अभिनय और म्यूजिक पसंद आया, लेकिन 'शहजादा' को दर्शकों ने नकार दिया।



### विक्रम वेधा

'विक्रम वेधा' (2022) में ऋतिक रोशन और सैफ अली खान लीड रोल में थे। यह फिल्म 2017 की तमिल फिल्म 'विक्रम वेधा' का रीमेक थी। दोनों फिल्मों के निर्देशक एक ही थे। जहां साउथ में यह फिल्म अच्छी चली, वहीं बॉलीवुड में यह फ्लॉप रही। बताया जाता है कि रीमेक में असली फिल्म जैसी ओरिजनलिटी नहीं थी।

### भोला

दावा किया जा रहा था कि अजय देवगन की अदाकारी वाली फिल्म 'भोला' (2023), हिट साबित होगी। हालांकि, लोकेश कनगराज की तमिल फिल्म 'कैथी' से प्रेरित इस फिल्म को दर्शकों ने नकार दिया। भोला को वाइल्ड एक्शन फिल्म बताया गया था। जानकारों के मुताबिक इसमें स्टंट अच्छे थे, लेकिन असली सस्पेंस की कमी थी।



### देवा

शाहिद कपूर की अदाकारी वाली फिल्म 'देवा' 31 जनवरी, 2025 को रिलीज हुई थी। यह फिल्म मलयालम फिल्म 'मुंबई पुलिस' की रीमेक थी। बॉलीवुड में यह फिल्म फ्लॉप रही। देवा देखने में मजेदार थी, लेकिन स्क्रीनप्ले मजबूत नहीं था। फिल्ममेकर ने इसके आखिरी सीन को बदल दिया, जबकि दर्शक इसकी तुलना ओरिजिनल फिल्म से करते रहे।

### लवयापा

जुनैद खान और खुशी कपूर स्टारर 'लवयापा' 2022 की तमिल फिल्म 'लव टुडे' का हिंदी रीमेक थी। इसमें प्यार और भरोसे की थीम कुछ-कुछ तमिल फिल्म जैसी ही थी। 'लवयापा' बहुत यंग और ट्रेंडी लगी। क्रिटिक्स और ऑडियंस को यह ठीक-ठाक लगी। हालांकि, फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप रही।

## खबर संक्षेप

### 13 को लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत

**सिरसा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से न्यायालय परिसर सिरसा, डबवाली व ऐलनाबाद में आगामी 13 दिसंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित की जाएगी। लोक अदालत के सफल आयोजन के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा कुल छह बेंच का गठन किया गया।

### एमटीपी किट बेचने में दूसरा आरोपी गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** अवैध रूप से एमटीपी किट बेचने के मामले में फतेहाबाद पुलिस ने दूसरे आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान साहिल जोगी पुत्र महेन्द्र सिंह निवासी गाँव अलीपुर बरोटा के रूप में हुई है। थाना सदर फतेहाबाद प्रभारी कुलदीप सिंह ने बताया कि 14 मई को सिविल सर्जन फतेहाबाद को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि संगत मेडिकोज, गाँव अहरवां, जिला फतेहाबाद में अवैध रूप से एमटीपी किट बेची जा रही है।

### वैश्य समाज का स्थापना दिवस समारोह 30 को

**रानियां।** अग्रवाल वैश्य समाज हरियाणा अपने गौरवशाली इतिहास व सामाजिक एकता एवं संगठन की पहचान को आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष 17वां स्थापना दिवस समारोह भव्य रूप से मनाने जा रहा है। यह समारोह 30 नवम्बर को कैथल में आयोजित किया जाएगा। इस स्थापना समारोह की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष अशोक बुवानीवाला करेंगे।

### सड़क हादसे के मामले में थार चालक काबू

**फतेहाबाद।** सडक़ दुर्घटनाओं के मामलों में शहर फतेहाबाद पुलिस ने थार चालक को गिरफ्तार कर वाहन सहित बरामद कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान मोहित पुत्र रमेश निवासी भोपाली, जिला चरखी दादरी के रूप में हुई है। थाना शहर फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक सुरेन्द्र ने बताया कि 9 नवंबर को लोकेश पुत्र दिव्य चैतन्य, निवासी मंडी आदमपुर जिला हिसार ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उसका भतीजा कर्ण कुमार अपने दोस्तों अनमोल पुत्र रोशनलाल निवासी शक्ति नगर फतेहाबाद और संयम पुत्र सुरेन्द्र कुमार निवासी सुन्दर नगर फतेहाबाद के साथ मोटरसाइकिल पर योग नगर फतेहाबाद से बीघड़ मोड़ की ओर जा रहा था।

### धमकी देने पर सख्त कार्रवाई, आरोपी काबू

**फतेहाबाद।** सोशल मीडिया पर पुलिस कर्मियों को गाली-गलौज करने तथा जान से मारने की धमकी देने वाले आरोपी को शहर फतेहाबाद पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान सीताराम पुत्र बद्री प्रसाद निवासी ढाणी माजरा, फतेहाबाद के रूप में हुई है। थाना शहर फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक सुरेन्द्र ने बताया कि शिकायतकर्ता सहायक उप निरीक्षक कृष्ण कुमार, पुलिस चौकी बस स्टैंड फतेहाबाद ने शिकायत दर्ज कराई थी कि आरोपी द्वारा इंस्टाग्राम पर अपमानजनक वीडियो डालकर पुलिस प्रशासन के प्रति शत्रुता व घृणा फैलाई जा रही है तथा मुझे वा सहायक उप निरीक्षक रामअवतार को जान से मारने की धमकी दी जा रही है।

### शराब व नकदी लूटने में दूसरा आरोपी गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** शराब ठेके पर हुई लूट की वारदात में सदर रतिया पुलिस ने दूसरे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान रशपाल सिंह उर्फ रिछपैन्द्र सिंह उर्फ फुला पुत्र बसन्त निवासी गुरकनी जिला मानसा, पंजाब के रूप में हुई है। थाना सदर रतिया प्रभारी निरीक्षक बिजेन्द्र ने बताया कि 24 अक्टूबर को कर्मवीर पुत्र ओमप्रकाश, निवासी गांव जनाणा, तहसील भादरा, जिला हनुमानगढ़ ने शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायतकर्ता ने कहा था कि वह गांव पिलछियां स्थित देशी शराब ठेके पर बतौर कारिंदा कार्यरत है। 23-24 अक्टूबर की रात लगभग 9:15 बजे तीन युवकों द्वारा 15 पेटी शराब लेने के बहाने से उसको 21 हजार रूपए दिए।

## किरढान में फतेहाबाद विधानसभा स्तर खेलों का भव्य शुभारंभ

# सांसद खेल महोत्सव युवाओं को देगा नई दिशा: बराला

खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलने और युवाओं को नशे से दूर रहने की शपथ दिलवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने कहा कि सांसद खेल महोत्सव जैसी पहल न केवल युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करती है, बल्कि उन्हें अनुशासन, नेतृत्व, टीम भावना और सकारात्मक सोच की ओर अग्रसर करती है। ग्रामीण प्रतिभाओं को बड़े मंच तक पहुंचाने का यह अनूठा अवसर है। सांसद बराला शुक्रवार को गांव किरढान में फतेहाबाद विधानसभा क्षेत्र के सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ करने के मौके पर आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर सांसद सुभाष बराला ने खेल परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण का संदेश दिया। उन्होंने खिलाडियों को खेल भावना से खेलने और युवाओं को नशे से दूर रहने की शपथ दिलवाई।

सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का संकल्प है कि देश का युवा आगे बढ़े और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय रूप से भागीदार बने। युवा शक्ति ही विकास का आधार है, इसी सोच के तहत प्रधानमंत्री द्वारा सांसद खेल महोत्सव जैसे भव्य आयोजन की शुरुआत की गई है। सांसद बराला ने बताया कि सिरसा लोकसभा क्षेत्र में इन खेलों के सफल आयोजन की जिम्मेदारी उन्हें मिली है। उन्होंने कहा 21 सितंबर को सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ किया गया था और अब उस कड़ी में फतेहाबाद विधानसभा स्तर की शुरुआत किरढान गांव से हो रही है। सांसद खेल महोत्सव इन प्रतिभाशाली युवाओं को आगे बढने का अवसर प्रदान करेगा। सांसद ने उपस्थित नागरिकों और खिलाडियों से आह्वान किया कि वे समाज में जागरूकता फैलाएं और युवाओं को नशे, जुए और अन्य दुव्यसनों से दूर रखने के लिए काम करें।



फतेहाबाद। खिलाडियों से मिलकर प्रोत्साहित करते सांसद सुभाष बराला। फोटो : हरिभूमि

> सांसद ने उपस्थित नागरिकों और खिलाडियों से आह्वान किया कि वे समाज में जागरूकता फैलाएं और युवाओं को नशे, जुए और अन्य दुव्यसनों से दूर रखने के लिए काम करें।

### यह है खेलों का स्तर

हरको फेड के चेयरमैन वेद फुला ने बताया कि खेल प्रतियोगिताएं तीन स्तरों ब्लॉक स्तर, विधानसभा स्तर, लोकसभा स्तर पर आयोजित हो रही हैं। ब्लॉक स्तर से आगे बढक़र विधानसभा स्तर पर पहुंचने वाले विजेता खिलाडियों को विशेष स्पोट्र्स किट, मेडल और ट्रॉफी प्रदान की जाएगी। वेद फुला ने कहा कि सांसद खेल महोत्सव का उद्देश्य खेल प्रतिभाओं को पहचान देना, उन्हें अवसर प्रदान करना और युवाओं को गांव से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक आगे बढ़ाना है। इस अवसर पर एसडीएम राजेश कुमार, गुलशन हंस, गांव के सरपंच राजेश कुमार, बीईओ बलवान सिंह, वाइस चेयरमैन बंसीलाल जाँड़वाला, डीएसओ विष्णु दास, सरपंच प्रतिनिधि खाबड़ा बलजीत बेनीवाल, प्रह्लाद सिंह, आशु सिंगला भट्टू मंडी, जसवंत माचरा सहित बड़ी संख्य में गणमान्य लोग माजिद रहे।

# गुरु तेग बहादुर के शहीदी दिवस को लेकर बैठक

### कार्यक्रम में फतेहाबाद से श्रद्धालु होंगे शामिल



फतेहाबाद। तैयारियों को लेकर बैठक करते उपायुक्त डॉ. विवेक भारती।

- गुरु तेग बहादुर की 350वीं शहीदी वर्षगांठ के उपलक्ष्य में कुरुक्षेत्र में होगा कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

हिंद की चादर और त्याग-बलिदान के प्रतीक, नौवें सिख गुरु श्री गुरु तेग बहादुर जी की 350वीं शहीदी वर्षगांठ के उपलक्ष्य में कुरुक्षेत्र में राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस ऐतिहासिक अवसर पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी श्री गुरु तेग बहादुर जी को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे और शहीदी दिवस के संदेश को जन-जन तक पहुंचाएंगे। जिला फतेहाबाद से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के कुरुक्षेत्र पहुंचेंगे। इसके लिए जिला प्रशासन ने तैयारियों को व्यापक रूप से शुरू कर दिया है। शुक्रवार को उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने लघु सचिवालय सभागार में विभिन्न विभागों के अधिकारियों और हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

#### बनाई रूपरेखा

बैठक में उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने कहा कि गुरु तेग बहादुर जी का शहीदी संदेश मानवता, धर्म-सुरक्षा और भाईचारे का अनमोल उदाहरण है। जिला प्रशासन का दायित्व है कि श्रद्धालुओं को सुरक्षित और सुगम यात्रा उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने परिवहन, सुरक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं, पेयजल, साफ-सफाई और ट्रैफिक प्रबंधन से संबंधित सभी तैयारियों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने परिवहन विभाग को श्रद्धालुओं के लिए पर्याप्त बसें उपलब्ध कराने और समयानुसार उनके संचालन की योजना बनाने को कहा। पुलिस विभाग को यात्रा मार्गों पर सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को मजबूत रखने के निर्देश दिए। सभी विभाग पूरी जिम्मेदारी और समन्वय के साथ कार्य करें ताकि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीण जोड़ा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में पहुंचकर दी जाने वाली श्रद्धांजलि पूरे देश के लिए गर्व का विषय है। फतेहाबाद जिले से बड़ी संख्या में श्रद्धालु इस कार्यक्रम में शामिल होंगे।

# महाराष्ट्र से चली श्री नामदेव महाराज की साइकिल व रथयात्रा पहुंची फतेहाबाद

- गणमान्य नागरिकों ने इस धार्मिक यात्रा का भव्य स्वागत किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

महाराष्ट्र के पंढरपुर से चली श्री नामदेव जी महाराज की साइकिल व रथयात्रा आज फतेहाबाद पहुंची। नामदेव दर्जी समाज के अलावा शहर के अनेक गणमान्य नागरिकों ने इस धार्मिक यात्रा का फतेहाबाद पहुंचने पर भव्य स्वागत किया और श्री विठ्ठल भगवान व श्री नामदेव जी महाराज का आशीर्वाद लिया। यात्रा का मुख्य उद्देश्य शांति, बंधुताऔर समता का प्रचार और प्रसार मुख्य है। यात्रा की अगुवाई सूर्यकांत बीसे, मनोज मंडे कर रहे हैं। यात्रा में 100 से ज्यादा नामदेव भगत शहरों व गांवों में नामदेव जी का संदेश पहुंचा रहे हैं। इस अवसर पर संत शिरोमणी नामदेव सभा प्रधान राम अवतार कश्यप, जिला सचिव प्रमोद कुमार, उप प्रधान शर्मा चंद लाली, कृष्ण लाल पंवार, बहादुर सिंह पंवार, राजेंद्र सिंह पूर्व अध्यक्ष नामदेव सभा, बुद्ध राम फौजी, मास्टर होशियार सिंह, जगन रोहिल्ला, कृष्ण कुमार कश्यप, रमेश सागू आदि रहे।



फतेहाबाद। साइकिल व रथयात्रा का स्वागत करते नामदेव दर्जी समाज के लोग।

### मोहित बिश्नोई एबीवीपी विवि के अध्यक्ष बने

**सिरसा।** छात्र संगठन एबीवीपी की एक बैठक चौ. देवीलाल विश्वविद्यालय प्रांगण में हुई तथा सत्र 2025-26 के लिए विश्वविद्यालय इकाई की घोषणा की गई। इस अवसर पर प्रांत मंत्री सुनील शास्त्री, जिला प्रमुख संदीप कुमार देशप्रेमी, जिला संयोजक संजीव रलिया, नगर अध्यक्ष डा. कपिल कुमार, विभाग छात्रा प्रमुख शशि, नगर मंत्री साहिल न्योल, राजेंद्र बैनीवाल, नगर कार्यालय मंत्री ममता सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिला प्रमुख संदीप देशप्रेमी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थी परिषद एक ऐसा छात्र संगठन है, जो कि देश के भावी कर्णधार, नेतृत्व कर्ता तैयार करने वाला अनूठा छात्र संगठन है। विद्यार्थी परिषद की पाठशाला में तरासे गए अनेकों कार्यकर्ता आज देश-प्रदेश के महत्वपूर्ण दायित्वों का निर्वहन करते हुए राष्ट्र पुनर्निर्माण में अपना अविस्मरणीय योगदान दे रहे हैं। जिला संयोजक संजीव रलिया ने कहा कि मोहित बिश्नोई और कर्णवीर ने सौम्य स्वभाव के साथ एक समर्पित उर्जावान कार्यकर्ता के रूप में अपनी पहचान बनाई है।



फोटो :21सिरसा07 : एबीवीपी की नवगठित कार्यकारिणी के सदस्य।

### खेड़ी माइनर में आई दरार,10 एकड़ फसल जलमग्न

**चोपटा।** क्षेत्र के गांव कुम्हारिया और खेड़ी के बीच खेतों में खेड़ी माइनर में दरार आ गई। किसान राजकुमार, नेतराम के खेत से होकर गुजर रही नहर अचानक टूट गई, जिससे किसानों की करीब 10 एकड़ में फसल जलमग्न हो गई जिससे नई बिजाई की हुई गेहूं व सरसों की फसलों को नुकसान हुआ। किसान नेतराम के ट्यूबवेल का कुआं भी पानी से भर गया। किसानों का कहना है कि बहुत मुश्किल से बिजाई की थी, अब दोबारा बिजाई करनी पड़ेगी जिससे खर्चा दो गुना हो गया। वहीं अन्य ग्रामीण बिल्लु बेनीवाल, सुनील कुमार और राजकुमार ने बताया कि बीते वीरवार को खेड़ी माइनर अचानक टूट गई जिससे किसान राजकुमार की 4 एकड़ में गेहूं की फसल, सुनील कुमार की 3 एकड़ में सरसों की फसल, पृथ्वी सिंह की 3 एकड़ में सरसों की फसल, नेतराम का ट्यूबवेल पानी भरने से खराब हो गया। उन्होंने बताया कि जैसे ही खेतों में पानी भरना शुरू हुआ, ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए तुरंत सिंचाई विभाग को सूचना दी।

### राजकीय स्कूल दड़बी ने हासिल किया प्रथम स्थान

**सिरसा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भरोखां क्लस्टर के अंतर्गत आने वाले प्राथमिक स्कूलों के विद्यार्थियों के बीच क्विज प्रतियोगिता करवाई गई। जिला शिक्षाधिकारी सुनीता साई व जिला मौलिक शिक्षाधिकारी विजय लक्ष्मी थी। कार्यक्रम की संयोजक एबीआरसी जीनम चौधरी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। प्रतियोगिता में राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय भरोखां, राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय दड़बी के विद्यार्थियों की टीमों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया वहीं राजकीय प्राथमिक विद्यालय बरुवाली प्रथम की टीम दूसरे व राजकीय प्राथमिक विद्यालय रसूलपुर की टीम तीसरे स्थान पर रही। इस अवसर पर जिला शिक्षाधिकारी व जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी ने विद्यार्थियों से कहा कि प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं से विद्यार्थियों का ज्ञान बढने के साथ साथ बच्चों का मनोबल भी बढ़ता है।



सिरसा। प्रतियोगिता के विजेता बच्चों को सम्मानित करते हुए।

# वर्कशॉप में बीएड विद्यार्थियों को मिला व्यवहारिक शिक्षण का प्रशिक्षण

- दीप सिंह कॉलेज में टीएलएम वर्कशॉप का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

शहीद बाबा दीप सिंह शिक्षण महाविद्यालय अहरवां में दो दिवसीय टीचिंग-लर्निंग मैटेरियल वर्कशॉप का आयोजन किया गया, जिसमें बीएड द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। वर्कशॉप का संचालन इंटर्नशिप इंचार्ज एवं प्रवक्ता डॉ. रसपाल सिंह द्वारा किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षण अधिगम सामग्री का अर्थ है, वे सभी संसाधन जिनका उपयोग शिक्षक छात्रों को बेहतर ढंग से पढ़ाने के लिए करते हैं। इसका उद्देश्य सीखने की प्रक्रिया को रोचक, प्रभावी एवं समझने योग्य बनाना है। टीएलएम में पाठ्यपुस्तकें, कार्यपत्रक, व्हाइटबोर्ड, चित्र, चार्ट, मानचित्र, मॉडल, पोस्टर, एनिमेशन, बुलेटिन बोर्ड आदि शामिल होते हैं। वर्कशॉप के बाद बीएड विद्यार्थी 21 नवंबर से 16 सप्ताह के लिए विभिन्न विद्यालयों में प्रैक्टिकल स्कूल इंटर्नशिप के लिए भेजे जाएंगे तथा 15 मार्च 2026 को अपनी इंटर्नशिप पूरी कर महाविद्यालय लौटेंगे। यहां विकास कुमार ने प्रभावी शिक्षण तकनीकों को योजनाबद्ध ढंग से संचालित करने के तरीकों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की।



फतेहाबाद। टीचिंग-लर्निंग मैटेरियल वर्कशॉप में भाग लेते विद्यार्थी।

## जम्मू-कश्मीर में आयोजित हुई 69वीं राष्ट्रीय स्कूली खेल प्रतियोगिता

# राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में नहला की बेटी पूजा ने जीता सोना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भूना

शहीद भगत सिंह वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नहला की बारहवीं कक्षा की छात्रा पूजा पुत्री रमेश ढिल्लो ने जम्मू-कश्मीर में आयोजित 69वीं राष्ट्रीय स्कूली खेल प्रतियोगिता में 68 प्लस किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर समूचे क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। पूजा की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर विद्यालय में भव्य स्वागत समारोह आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि नहला के सरपंच कृष्ण कुमार ढिल्लो, दादा सुभाष ढिल्लो, धर्मपाल ढिल्लो व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी अजय ढिल्लो विशेष रूप से मौजूद रहे। पूजा के पिता रमेश ढिल्लो और माताजी इंद्रो देवी ने बेटी की सफलता पर गर्व जताते हुए कहा कि यह उपलब्धि उसकी कड़ी मेहनत और विद्यालय व कोच के उत्कृष्ट मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन समिति, शिक्षकों और कोच राजपाल पानू का आभार व्यक्त किया। स्वर्ण पदक लेकर गांव लौटी पूजा का खुले जीप में ढोल-नगाड़ों के साथ जोरदार स्वागत किया गया। गांववासियों ने फूल बरसाकर बेटी का अभिनंदन किया।



भूना। स्वर्ण पदक विजेता पूजा व कोच को सम्मानित करते हुए अतिथिगण।

### दी शुभकामनाएं

प्रतियोगिता के दौरान पूजा ने अदम्य साहस, मजबूत तकनीक और उत्कृष्ट कौशल का परिचय देते हुए सभी प्रतिद्वंद्वियों को मात दी। फाइनल मुकाबले में भी पूजा ने शानदार बढ़त बनाते हुए स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। पूजा और उनके प्रशिक्षक राजपाल पानू ने टीम हरियाणा के साथ बातचीत करते हुए जम्मू एवं कश्मीर के युवा सेवाएं एवं खेल विभाग द्वारा उपलब्ध कराई गई उत्कृष्ट सुविधाओं के लिए धन्यवाद जताया। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता में खिलाडियों के लिए की गई व्यवस्थाएं सराहनीय रहीं, जिससे खिलाड़ियों को अपने प्रदर्शन पर पूरा ध्यान केंद्रित करने का अवसर मिला। विद्यालय प्रबंधक समिति के सचिव बंटी कटारिया और विजय ढिल्लो ने गोल्ड मेडलिस्ट पूजा व उनके कोच को शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामनाएं कीं। इस


## हरिभूमि बम्पर इनामी योजना-2025 के विजेताओं के नाम

### तेरहवां पुरस्कार (सांत्वना पुरस्कार) (101 से 150)

❖ बिशन चन्द सुपुत्र स्व. श्री हजारी लाल, बहलवान छत्ते के पास नलापुर, नारनौल, महेन्द्रगढ़ ❖ कनिष्क सुपुत्र श्री तरूण कुमार, बहलवान छत्ते के पास नलापुर, नारनौल, महेन्द्रगढ़ ❖ सुनिता धर्मपत्नी बिशन चन्द, बहलवान छत्ते के पास नलापुर, नारनौल, महेन्द्रगढ़ ❖ रामचन्द्र गर्ग सुपुत्र श्री ओमप्रकाश गर्ग, पुरानी मण्डी, नारनौल, महेन्द्रगढ़ ❖ उदय सिंह सुपुत्र श्री तुलसी राम, म. नं. 477, सैक्टर-1, हुडा, पार्ट 1, नारनौल, महेन्द्रगढ़ ❖ जगदीश धर्मपत्नी बिमला, बाजद, नारनौल, महेन्द्रगढ़ ❖ दीपक कुमार सुपुत्र श्री पुरूषोत्तम दास, किला रोड, नारनौल, महेन्द्रगढ़ ❖ बिल्लू कुमार सुपुत्र श्री किशन लाल, अटेली मण्डी, झण्डा चौक, महेन्द्रगढ़ ❖ सत्यवान यादव सुपुत्र श्री कृष्ण यादव, शंकर कॉलोनी, महेन्द्रगढ़ ❖ रविदत्त शर्मा सुपुत्र श्री रामकुमार शर्मा, सुरजभान, महेन्द्रगढ़ ❖ विरेन्द्र सिंह सुपुत्र श्री सुमेर सिंह, वार्ड 1, छाजूपुरम कॉलोनी, महेन्द्रगढ़ ❖ प्रतीक सुपुत्र श्री सतीश कुमार, नौताना, कनीना, महेन्द्रगढ़ ❖ गौरव सुपुत्र श्री संजय कपूर, वार्ड 1, कनीना, महेन्द्रगढ़ ❖ दया किशन सुपुत्र श्री भय राम, गांव खेड़ा, महेन्द्रगढ़ ❖ पिंकी देवी धर्मपत्नी श्री अजित कुमार, गागडवास, कनीना, महेन्द्रगढ़ ❖ संदीप पुत्र श्री राजबीर, निवासी गांव कुलासी जिला झज्जर ❖ राजकुमार नागर पुत्र श्री करतार सिंह नागर, निवासी गली नं.5, शंकर गार्डन, बहादुरगढ़, जिला झज्जर ❖ अनुराधा गोयल पत्नी श्री विनोद कुमार गोयल निवासी 80ए, गली नं. 2, मॉडल टाउन, बहादुरगढ़ ❖ राजकुमार गुप्ता पुत्र श्री लक्ष्मण सिंह गुप्ता निवासी 393/25, जटवाड़ा मोहल्ला, बहादुरगढ़, जिला झज्जर ❖ विहान सिंह पुत्र श्री नीरज दलाल निवासी मकान नं.8/832, गली नं.4, दयानंद नगर, बहादुरगढ़, जिला झज्जर ❖ हरबंस लाल खुराना पुत्र श्री लक्ष्मण दास खुराना निवासी 24/776, झील मोहल्ला, बहादुरगढ़, जिला झज्जर ❖ मुख्तयार सिंह पुत्र श्री रामप्रसाद निवासी गांव सांखौल, बहादुरगढ़, जिला झज्जर ❖ सुरेश कुमार पुत्र श्री भीम सिंह निवासी गांव मुकुंदपुर डाकखाना कानौंदा, बहादुरगढ़, जिला झज्जर ❖ परमजीत पुत्र श्री रोहताष निवासी गांव जाखौदा, बहादुरगढ़, जिला झज्जर ❖ हिमांशी राठी पुत्री श्री कृष्ण कुमार निवासी 18/699, राम नगर, बहादुरगढ़, जिला झज्जर ❖ रोहतास पुत्र श्री राममेहर निवासी गांव दुल्हेड़ा बहादुरगढ़ जिला झज्जर ❖ जगबीर मुदगल निवासी मोहन नगर बहादुगढ़ जिला झज्जर ❖ श्रीनिवास पुत्र श्री मनफुल सिंह निवासी मकान नं.22, न्यू रिसमी नगर, हिसार ❖ नवीन कुमार पुत्र श्री सुरजभान निवासी गांव मंगली (अकलान), जिला हिसार ❖ अरूण कुमार आहुजा पुत्र श्री कृष्ण लाल आहुजा निवासी 78/18, कमला नगर, हिसार ❖ कनिका पुत्री श्री संदीप कुमार निवासी डी-7, सीसी-5, एचएयू, ओल्ड कैम्पस, गेट नं.2, हिसार ❖ सनवी सैनी पुत्री श्री नन्दराम सैनी निवासी वार्ड नं. 4, लोहारू, जिला भिवानी ❖ राकेश पुत्र श्री मामन सिंह निवासी सुहासरा, लोहारू, जिला भिवानी ❖ अनीता पत्नी कुलवीर सिंह निवासी सीएचसी लोहारू, जिला भिवानी ❖ रामबीर पुत्र श्री सतबीर सिंह निवासी लेघ्यां हेतवान जिला भिवानी ❖ सुप्रिया वर्मा पुत्री श्री भीम सिंह निवासी गांव सुहासरा, लोहारू, जिला भिवानी ❖ खुशी पुत्री श्री भीम सिंह निवासी गांव सुहासरा, लोहारू, जिला भिवानी ❖ दिलबाग सिंह पुत्र श्री चंदगी राम निवासी झोझू खुर्द जिला चरखी दादरी ❖ मा.बलवान सिंह दहिया पुत्र श्री रामू सिंह निवासी मकान नं. 746/11, बैंक कालोनी, भिवानी ❖ श्रीराम सैनी पुत्र श्री बलदेव राम सैनी निवासी मकान नं. 422, डीजी कालोनी, भिवानी ❖ रघुबीर सिंह चोकल पुत्र श्री शिवनारायण सिंह निवासी नजदीक पिपली वाली जोहड़ी, हनुमान गेट, भिवानी ❖ आदित्य सोनी पुत्र श्री संदीप कुमार निवासी जीतू वाला जोड़कू, विकास हाई स्कूल, भिवानी ❖ डॉ.मामन चंद शर्मा पुत्र श्री पाल्ला राम निवासी बी 12, गिरिराज कालोनी, भिवानी ❖ भावेश पुत्र श्री संदीप कुमार निवासी सीसीएसएचएयू ओल्ड कैम्पस, हिसार ❖ राजपाल सिंह पुत्र श्री सांवल सिंह निवासी लोहारी जाटू तहसील बवानी खेड़ा, जिला भिवानी ❖ जरीना पुत्री श्री आमीन गांव मानहेरू जिला भिवानी ❖ बसंत कुमार पुत्र श्री एसपी कालमाड़ी निवासी नजदीक मस्जिद, चरखी दादरी ❖ विभूति सानिया पुत्री श्री शिशुपाल निवासी मेन गली, गांव मानहेरू, जिला भिवानी ❖ मन्जू देवी पत्नी श्री चरण सिंह निवासी जोत राम धाम, ग्राम बादल, जिला चरखी दादरी ❖ अनिल कुमार पुत्र श्री रामफल निवासी नजदीक बालाजी मंदिर, गांव मानहेरू, जिला भिवानी

क्रमशः


शेष विजेताओं की सूची अगले अंक में देखें


**आवश्यक सूचना :**

1. सभी पुरस्कारों का वितरण 1 दिसम्बर 2025 से किया जाएगा।
2. पुरस्कार संख्या 1 से 3 तक के विजेताओं को हरिभूमि मुख्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, रोहतक से पुरस्कार प्राप्त हो सकेंगे।
3. पुरस्कार संख्या 4 से 13 उपहार के विजेताओं को संबंधित हरिभूमि कार्यालय अभिकर्ता से पुरस्कार प्राप्त हो सकेंगे।
4. यदि किसी भी पुरस्कार पर सरकार के नियमानुसार टी.डी.एस. लागू होगा तो विजेता को लागू टी.डी.एस. की राशि हरिभूमि कार्यालय में एडवांस में जमा करनी होगी।
5. पुरस्कार प्राप्त करने के लिए आपको अपने साथ पुरस्कार विजेता की फोटो आईडी की फोटो प्रति जमा करनी होगी। मूल प्रति को मिलान हेतु साथ में लाना अनिवार्य है।
6. अधिक जानकारी के लिए आप निम्न नम्बरों पर हरिभूमि प्रसार विभाग में प्रात: 11.00 से सायं 4.00 बजे तक सम्पर्क कर सकते हैं :- फोन : 9253681019-20

**- कार्यालय पता -**

हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9315429403, 9253681005, 7988727916

## खबर संक्षेप

### ख्योवाली में प्रशासन का रात्रि ठहराव 25 को

**सिरसा।** जिला प्रशासन द्वारा खंड ओढां के गांव ख्योवाली के राजकीय हाई स्कूल में 25 नवंबर को सायं 4 बजे से प्रशासन का रात्रि ठहराव कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान जिला प्रशासन के सभी विभाग दिन में आमजन को स्टाल के माध्यम से योजनाओं की जानकारी देंगे और उनकी समस्याएं सुनेंगे। रात्रि ठहराव कार्यक्रम में जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों सहित सभी विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहेंगे।

### पटेल जयंती के उपलक्ष्य में पदयात्रा आज

**सिरसा।** सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में 'सरदारञ्च150' द्वितीय पदयात्रा का आयोजन 22 नवंबर को रामनगरिया में किया जाएगा। पदयात्रा का शुभारंभ राजकीय मॉडल संस्कृति प्राइमरी स्कूल रामनगरिया से सुबह 9:30 बजे किया जाएगा। पदयात्रा गांव भंबूर होते हुए राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मंगला पहुंचेगी, जहां इस यात्रा का समापन होगा। पदयात्रा का मुख्य उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रीय एकता, देशभक्ति, नागरिक दायित्वों के प्रति जागरूकता तथा आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को मजबूत करना है। पदयात्रा के माध्यम से सरदार पटेल के राष्ट्र निर्माण में दिए गए महत्वपूर्ण योगदान को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। कार्यक्रम के आयोजन को लेकर पुलिस, स्वास्थ्य एवं शिक्षा विभाग को सुरक्षा, स्वास्थ्य सुविधाओं व अन्य आवश्यक तैयारियों को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

### गीता महोत्सव 28 नवंबर से एक दिसंबर तक

**सिरसा।** गीता महोत्सव-2025 के उपलक्ष्य में जिला प्रशासन द्वारा तैयारियां जोरों पर है। 28 नवंबर से एक दिसंबर 2025 तक जिला स्तरीय गीता महोत्सव भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा। चार दिनों तक विविध सांस्कृतिक, धार्मिक और शैक्षणिक गतिविधियां होंगी, जिनमें स्वयं सहायता समूहों, विद्यार्थियों, सामाजिक संगठनों और आम नागरिकों की व्यापक भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। अतिरिक्त उपायुक्त वीरेंद्र सहरावत ने बताया कि 28 नवंबर को स्थानीय सीडीएलयू के ऑडिटोरियम में गीता सेमिनार आयोजित होगा, जिसमें विशेषज्ञ वक्ताओं के संबोधन होगा। 29 नवंबर को रंगोली, क्राफ्ट, स्केच, श्लोक वाचन, निबंध, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और कला प्रदर्शनी का आयोजन होगा, जिसमें स्थानीय कलाकार, स्कूलों के विद्यार्थी और स्वयं सहायता समूह भाग लेंगे। साथ ही गीता प्रदर्शनी का शुभारंभ भी इसी दिन होगा।

### हेरोइन तस्करी में मुख्य सप्लायर गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** नशा तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत रतिया पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। थाना शहर रतिया पुलिस ने 6.11 ग्राम हैरोइन बरामदगी के मामले में मुख्य सप्लायर अमरजीत सिंह पुत्र लाभ सिंह, निवासी वार्ड नं. 3, रतिया को गिरफ्तार कर लिया है। थाना शहर रतिया प्रभारी उप-निरीक्षक रणजीत सिंह ने बताया कि 19 नवंबर को पुलिस पार्टी रूटीन गश्त पर थी। इसी दौरान पुलिस ने सूचना के आधार पर घघर नाली पुल बाईपास रतिया पर एक संदिग्ध व्यक्ति को रोककर चैक किया गया। तलाशी के दौरान आरोपी से 6.11 ग्राम हैरोइन बरामद हुई, जिस पर मामला दर्ज कर आरोपी को तुरंत गिरफ्तार कर लिया गया था।

### घर में घुसकर गहने चोरी करने वाला आरोपी काबू

**फतेहाबाद।** थाना शहर फतेहाबाद पुलिस ने घर में घुसकर गहने चोरी करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान गुरदीप पुत्र अमरीक सिंह निवासी शेखुपुर सोत्तर के रूप में हुई है। 10 नवंबर को शिकायतकर्ता बलविन्द्र सिंह पुत्र सुखदेव सिंह, निवासी बरसीन ने शिकायत दर्ज कराई थी कि दोपहर को कोई अज्ञात व्यक्ति उसके घर में घुस आया और घर से 2 सोने की अंगूठियां, 1 जोड़ी सोने की बालियां, 1 चांदी का कड़ा, 1 चांदी की चेन और 1 घड़ी चोरी करके ले गया।

### नरमा-कपास की एमएसपी पर खरीद को लेकर लगाई शर्तों का किसानों ने किया विरोध

# डीसी से मिले भट्टू के किसान, शर्तें हटाकर फसल खरीद सुनिश्चित करने की मांग

- किसानों ने कहा कि भट्टूकलां में अधिकतर किसान कपास व नरमे की करते हैं पैदावारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



फतेहाबाद। डीसी डॉ. विवेक भारती को ज्ञापन सौंपते कपास उत्पादक किसान।

नरमा-कपास की एमएसपी पर खरीद करने को लेकर भट्टू क्षेत्र के किसानों ने आज कपास उत्पादक संघ भट्टूकलां के बैनर तले लघु सचिवालय पहुंचकर रोष जताया। किसान नेता रोहताश डूडी के नेतृत्व में फतेहाबाद पहुंचे किसानों ने उपायुक्त को ज्ञापन सौंपकर नरमा-कपास की एमएसपी पर खरीद के नाम पर लगाए गए अनाप-शनाप प्रतिबंध हटाने और नरमा-कपास की सुचारू खरीद शुरू करवाने की मांग की है। इस अवसर पर किसान सभा के जिला प्रधान विष्णुदत्त शर्मा, रामकुमार, महेन्द्र सिंह, सुभाष भादू, राजकुमार, ओमप्रकाश, मनीष सिवाच, मनीराम, महेन्द्र, अजय सिंह, भागूराम, मांगेराम, हंसराज बड़ोपल, भगवान दास सहित अनेक किसान मौजूद रहे। किसानों ने कहा कि जिले के भट्टूकलां इलाके में अधिकतर किसानों द्वारा कपास व नरमे की पैदावार की जाती है। प्रकृति की मार जलभराव और सेम से किसान पहले ही परेशान हैं। सरकारी सहायता यानि मुआवजा व बीमा क्लेम तो दूर की बात, किसानों को उनकी फसलों के उचित रेट तक नहीं मिल रहे हैं। सरकार ने एक नवंबर से नरमा-कपास व मूंगफली की खरीद की घोषणा की है लेकिन भट्टू क्षेत्र के नरमा-कपास उत्पादक किसान अपनी फसल बेचने के लिए दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर है। उनकी दोनों ही फसलें एमएसपी पर नहीं खरीदी जा रही। सीसीआई द्वारा फसल क्वालिटी, स्लॉट बुक न होने और किसान ऐप जैसी अनाप-शनाप शर्तें लगा रखी हैं जोकि किसान के समझ से परे हैं। किसानों ने बताया कि सीसीआई को फसल बेचने के लिए किसान को पहले स्लॉट बुक करवाना पड़ता है लेकिन अधिकतर समय यह ऐप बंद रहता है, जिस कारण किसानों को स्लाट बुक करने में काफी परेशानी होती है। किसान मण्डियों में फसल लेकर आता है तो अधिकारी उसकी फसल खरीदने से इंकार कर देते हैं। उन्होंने मांग की कि फसल खरीद को लेकर लगाई गई अनाप-शनाप शर्तों को बंद कर सीधी एमएसपी पर फसल खरीद सुनिश्चित की जाए।

#### दूसरी फैक्ट्री के लिए स्लॉट होंगे बुक

*भट्टू में वर्तमान में केवल एक फैक्ट्री प्रेम कॉटन मिल के लिए किसानों के स्लॉट बुक किए जा रहे हैं। इस समय सीसीआई द्वारा करीब एक हजार क्विंटल नरमा-कपास की खरीद की जा रही है। सोमवार, मंगलवार और बुधवार के लिए सभी स्लॉट बुक हो चुके हैं। आगे किसान फसल बेचने के लिए स्लॉट बुक कर सकते हैं। भट्टूकलां में दूसरी फैक्ट्री भी खोली गई है जिसके लिए सोमवार से स्लाट बुक होने शुरू हो जाएंगे। किसान उस फैक्ट्री के लिए स्लाट बुक करवाकर अपनी फसल बेच सकते हैं।*

#### कांग्रेस ने प्रदर्शनकर जताया रोष, डीसी को सौंपा ज्ञापन




सिरसा। जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन करते कांग्रेसी। फोटो : हरिभूमि

## लोकतंत्र व संविधान को बचाने के लिए ही लड़ाई लड़ रहे राहुल गांधी: राव नरेंद्र सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने कहा कि आज लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी देश के लोकतंत्र और संविधान को बचाने के लिए लड़ाई लड़ रहे है। राहुल गांधी के सवाल पर अभी तक चुनाव आयोग ने चुप्पी साधी हुई है। उन्होंने कहा कि इस देश के संविधान और लोकतंत्र को बचाने के लिए सभी को एकजुट होकर इस लड़ाई में शामिल होना होगा। राव नरेंद्र सिंह ने सभी से मंच से 14 दिसंबर को दिल्ली में आयोजित होने वाली वोट चोर गद्दी छोड़ महारैली में शामिल होने की अपील की। राव नरेंद्र सिंह शुक्रवार में जिला स्तरीय वोट चोर गद्दी छोड़ प्रदर्शन से पूर्व कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। इसके बाद प्रदर्शनकारी जुलूस के रूप में लघु सचिवालय के मुख्य द्वार पर गए जहां पर उन्होंने उपायुक्त शांतनु को ज्ञापन सौंपा। राव नरेंद्र सिंह ने कहा कि हरियाणा में कैसे सरकार बनी, ये सरकार जनता ने बनाई या ईवीएम ने या वोट चोरी करके बनाई। मतगणना वाले दिन ईवीएम की बैटरी फुल मिलती है यानि कुछ तो गड़बड़ हुई। सिरसा के हर विधानसभा क्षेत्र में वोट चोरी हुई अगर ऐसा न होता तो पांचों सीटें कांग्रेस की होती। हरियाणा में 25 लाख वोटों की हेराफेरी हुई। भाजपा और मोदी के खिलाफ आवाज केवल राहुल गांधी ही उठा रहे है। कांग्रेस ने पहले भी संविधान और लोकतंत्र को बचाने के लिए लड़ाई लड़ी है।

# पीएमश्री स्कूल में आदर्श युवा ग्राम सभा आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| .फतेहाबाद



फतेहाबाद। पीएम श्री जेएनवी, खारा खेड़ी में आयोजित आदर्श ग्राम सभा में प्रतिभागिता करते विद्यार्थी।

पीएमश्री स्कूल जेएनवी, खारा खेड़ी के विद्यार्थियों द्वारा विद्यालय परिसर में आदर्श युवा ग्राम सभा का आयोजन किया गया। इस अनूठे आयोजन में विद्यार्थियों ने अपनी गांव की समस्याओं को समझने और उनके समाधान के लिए आवाज उठाने की अपनी नागरिक जिम्मेदारी का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि ब्लॉक समिति फतेहाबाद की चेयरपर्सन पूजा बरसीन रही। चेयरपर्सन ने इस सफल आयोजन की पूरी योजना और क्रियान्वयन के लिए विद्यालय प्राचार्य के साथ-साथ सामाजिक विज्ञान विषय की टीम की विशेष रूप से प्रशंसा की, जिन्होंने विद्यार्थियों को नागरिक शास्त्र का व्यावहारिक पाठ पढ़ाया। उन्होंने कहा कि यह आदर्श युवा ग्राम सभा पीएमश्री स्कूल जेएनवी, खारा खेड़ी के विद्यार्थियों के लिए एक यादगार और शिक्षाप्रद अनुभव रही, जिसने उन्हें भविष्य के जिम्मेदार और जागरूक नागरिक बनाने के लिए प्रेरित करेगा।मॉडल युवा ग्राम सभा के दौरान, विद्यार्थियों ने ग्राम पंचायत के प्रतिनिधियों, जिनकी भूमिका में स्वयं विद्यार्थी थे, के समक्ष गांव के विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण और समसामयिक मुद्दे प्रमुखता से रखे। ये मुद्दे गांव की जमीनी हकीकत को दर्शाते थे और उनके समाधान की आवश्यकता पर बल देते थे। ग्राम सभा मे विद्यार्थियों ने गांव में उचित कूड़ादान की व्यवस्था और नियमित सफाई अभियान चलाने की मांग की।

#### बच्चों में पोषण संबंधी जागरूकता फैलाएं

*इसके साथ ही बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं और ग्रामीण महिलाओं एवं बच्चों में पोषण संबंधी जागरूकता फैलाने की आवश्यकता पर जोर दिया गया। ग्राम सभा में युवाओं में पनप रही नशे की समस्या पर विद्यार्थियों ने चिंता व्यक्त की और ग्राम पंचायत से इस समस्या को रोकने के लिए सख्त कदम उठाने तथा जागरूकता अभियान चलाने का आग्रह किया।*

## क्रेसंट स्कूल में मनाया विश्व टेलीविजन दिवस ज्ञान, रचनात्मकता एवं जागरूकता का संगम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



फतेहाबाद। क्रेसंट स्कूल में विश्व टेलीविजन दिवस पर आयोजित कार्यक्रम विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते प्रधानाचार्या। फोटो : हरिभूमि

क्रेसंट स्कूल, फतेहाबाद में विश्व टेलीविजन्न दिवस की विशेष सभा अपने आप में एक सराहनीय एवं ज्ञानवर्धक आयोजन सिद्ध हुई। नन्हें प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने टेलीविजन के बहुआयामी महत्व मनोरंजन, शिक्षा, जागरूकता एवं वैश्विक जानकारी को अत्यंत प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। हरसिमरन, सीरत व उश्मीत के मंच संचालन में जक्श , कंचन व प्राक्षु ने अपने सुविचारों से स्पष्ट किया कि टेलीविजन आज की दुनिया में सूचना एवं ज्ञान का सबसे सुलभ और शक्तिशाली माध्यम है। भूमिका व महक का भाषण टेलीविजन के इतिहास, उसकी भूमिका तथा जिम्मेदार उपयोग पर केंद्रित रहा, जिसने सभी श्रोताओं को सोचने पर मजबूर कर दिया। नमन द्वारा पूछे गए विश्व टेलीविजन दिवस से संबंधित सामान्य ज्ञान के प्रश्नों व हर्षल के स्पेलिंग चेक ने सभी में रोचकता एवं सहभागिता बढ़ा दी। वाणी व संभव ने सबके मन को बहुत ही भाता, टीवी कितने करतब हैं दिखलाता, टीवी तू है बड़ा निराला जैसी कविताओं का स्वर वाचन किया। कामिनी, प्रतीक व मनरीत ?ने सचेत रहें, सुरक्षित रहें, टीवी से सीखें, दुनिया को समझें जैसे सशक्त नारे प्रस्तुत किये। प्रधानाचार्या रितु सिंधु ने विद्यार्थियों के इस प्रयास की सराहना की।

### सिरसा क्लब के चुनाव को लेकर हाईकोर्ट में याचिका

.**सिरसा।** सिरसा क्लब के आगामी 10 दिसंबर को प्रस्तावित चुनाव को लेकर एक पक्ष द्वारा हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया गया है। सिरसा क्लब के निवर्तमान उपप्रधान इशु बांसल की ओर से शुक्रवार को याचिका दाखिल की गई है, जिस पर आगामी 27 नवंबर 2025 को सुनवाई होगी। उल्लेखनीय है कि सिरसा क्लब की कार्यकारिणी का कार्यकाल 3 वर्ष का होता है। जिला उपायुक्त सिरसा क्लब के पदेन अध्यक्ष है, इसलिए अध्यक्ष को छोड़कर अन्य पदों के लिए चुनाव करवाए जाते हैं। इस बार भी वरिष्ठ उपप्रधान, उपप्रधान, महासचिव, संयुक्त सचिव व कोषाध्यक्ष के चयन हेतु चुनावी कार्यक्रम घोषित किया गया है। इन चुनाव को लेकर शांतिलाल सिंगला को रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया गया। क्लब चुनाव को लेकर नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए 22 नवंबर तक का समय निर्धारित किया गया है, जबकि 26 नवंबर को नामांकन पत्रों की जांच व छंटनी होगी और इसी दिन नामांकन पत्र वापस लिए जा सकेंगे। चुनाव कार्यक्रम के अनुसार 30 नवंबर को उम्मीदवारों की फाइनल सूची जारी की जाएगी तथा 10 दिसंबर बुधवार को मतदान होगा, जिसका समय सुबह 9 बजे से सायं 3 बजे तक होगा और इसके बाद वोटों की गिनती और परिणाम घोषित किया जाएगा। लेकिन सिरसा क्लब के पदाधिकारियों का एक धड़ा इन चुनावों को लेकर खिलाफत कर रहा है। उसकी ओर से पहले रजिस्ट्रार सोसायटीज के समक्ष शिकायत कर चुनाव टालने की मांग की गई थी। बताया कि निर्वाचित कार्यकारिणी की सहमति के बगैर चुनाव की तिथि घोषित की गई है। इसके साथ ही नियम विरुद्ध नए सदस्य बनाने का भी आरोप लगाया गया है। मामला चूंकि हाईकोर्ट पहुंच गया है, ऐसे में क्लब सदस्यों की निगाहें 27 नवंबर की सुनवाई पर टिकी है। उन्होंने बताया कि 30 नवंबर को धार्मिक आयोजन होंगे, जिसमें भागवत कथा, गीता यज्ञ, गीता सद्भावना यात्रा और सामूहिक आरती शामिल हैं। शहर के प्रमुख मार्गों पर झांकियों और सजावट के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी।

## जंतर-मंतर पर प्रदर्शन 24 को, फतेहाबाद से सैकड़ों कर्मचारी लेंगे भाग : योगेन्द्र

हरिभूमि न्यूज. फतेहाबाद



फतेहाबाद। प्रदर्शन की तैयारियों को लेकर चर्चा करते हुए। फोटो : हरिभूमि

अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ द्वारा शिक्षकों की विभिन्न लंबित मांगों को लेकर मंगलवार, 24 नवंबर को नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर देशव्यापी विशाल प्रदर्शन किया जाएगा। इस प्रदर्शन में फतेहाबाद जिले से सैंकड़ों शिक्षक और कर्मचारी भाग लेंगे। आंदोलन को सफल बनाने को लेकर हेतु प्राथमिक शिक्षक संघ, डेमोक्रेटिक अध्यापक संघ, पुरानी पेंशन बहाली संघ तथा हसला के पदाधिकारियों ने संयुक्त अभियान चलाते हुए जिला फतेहाबाद के स्कूलों व सरकारी कार्यालयों में जाकर कर्मचारियों से मुलाकात की और आंदोलन में शामिल होने का आह्वान किया।

राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला प्रधान योगेंद्र वर्मा, हसला जिला प्रधान कुलदीप शर्मा, पुरानी पेंशन बहाली संघ जिला प्रधान नरेश जांगड़ा तथा डेमोक्रेटिक अध्यापक संघ जिला प्रधान विष्णु दत्त शास्त्री ने कहा कि आंदोलन के माध्यम से मांग की जाएगी कि पुरानी पेंशन योजना को पुनः लागू किया जाए। कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति आयु 60 वर्ष की जाए। सेवारत शिक्षकों पर थोपे जा रहे अध्यापक पात्रता परीक्षा को समाप्त किया जाए। बैठक में राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ के राज्य चेयरमैन देवेंद्र सिंह दहिया, डेमोक्रेटिक अध्यापक संघ के चेयरमैन धर्मेन्द्र ढांडा, जिला महासचिव विनोद बुडाना, हसला के जिला महासचिव अमित पुनिया, जिला कोषाध्यक्ष अंकुश गोयल, प्राथमिक संघ राज्य कानूनी सलाहकार दिलीप बिश्नोई, पूर्व प्रधान विकास टुटेजा, जिला संरक्षक सुरेंद्र नैन, जिला महासचिव अनूप गौरा, जिला कोषाध्यक्ष पवन चमारखेड़ा, जिला उपप्रधान राकेश मदान, वरिष्ठ उपप्रधान भजनलाल कंबोज, भट्टू प्रधान अजीत छाबा, टोहाना प्रधान गुरनाम सिंह, रतिया प्रधान पवन पचार, फतेहाबाद प्रधान अशोक कुमार, भूना प्रधान सुभाष सहरावत आदि मौजूद रहे।



### हवन के साथ श्रीमद्भागवत कथा संपन्न

**ओढां।** पुरानी अनाज मंडी में स्थित रामलीला मैदान में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह संपन्न हो गया। शुक्रवार को हवन यज्ञ किया गया जिसमें आचार्य सेवक राम कौशिक ने 9 मुख्य यजमानों के हाथों विधिपूर्वक पूजन करवाया और उपस्थित सभी श्रद्धालुओं ने आहुतियां डाली। इसके बाद आचार्य ने मुख्य यजमानों के हाथों भागवत गीता को रूमाला अर्पण किया और सभी को आशीर्वाद देते हुए प्रसाद दिया। इसके बाद महिला मंडल द्वारा तैयार किया गया ठाकुर जी का अटूट लंगर सभी को प्रेमपूर्वक वरताया गया। इस अवसर पर आचार्य सेवक राम ने बताया कि उपस्थिति श्रद्धालुओं को बताया कि श्रीमद् भागवत कथा की समाप्ति के बाद हवन यज्ञ का अत्यंत विशिष्ट और धार्मिक महत्व है। इसे पूर्णाहुति कहा जाता है और यह सात दिवसीय अनुष्ठान की पूर्णता का प्रतीक है। हिंदू धर्म में यह मान्यता है कि कोई भी बड़ा धार्मिक कार्य या पूजा-पाठ हवन के बिना अधूरा माना जाता है। भागवत कथा जैसे महायज्ञ के सफल समापन पर हवन यह सुनिश्चित करता है कि अनुष्ठान पूर्ण हो गया है। उन्होंने आगे बताया कि हवन में अग्नि के माध्यम से विभिन्न पवित्र पदार्थ देवी देवताओं को अर्पित किए जाते हैं। ऐसा माना जाता है कि हवन की अग्नि में डाली गई सामग्री सीधे संबंधित देवताओं तक पहुंचती है, जिससे वे प्रसन्न होते हैं और अपना आशीर्वाद प्रदान करते हैं। इस अवसर पर पवन गर्ग, रामलाल सिंगला, लक्ष्मण गर्ग, रवि गोयल, सोमनाथ गोयल, रामलाल गर्ग, मनमोहन गोयल, बॉबी गोयल, राकेश गोयल, नीरज गोयल, राकेश गर्ग हैप्पी, मंजू बांसल, चंद्रपति, स्नेहलता, मीनाक्षी शुक्ला, किरण खुराना, रानी गर्ग, पिंकी रानी, सरोज देवी सहित अनेक महिला पुरुष उपस्थित रहे।

### कार्यक्रम | पुलिस अधीक्षक ने 'एक पदयात्रा नशे के खिलाफ' को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

पुलिस प्रसाशन नशा तस्करों की संपति को भी कर रहा है कुर्क

# नशा नाश दूसरा नाम है, नशे से दूरकर देश के विकास में योगदान दें युवा: सिद्धांत जैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद




फतेहाबाद। 'एक पदयात्रा नशे के खिलाफ' को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते एसपी सिद्धांत जैन। फोटो : हरिभूमि

नशा नाश दूसरा नाम है, नशे से ग्रसित व्यक्ति खुद के शारीरिक, मानसिक व आर्थिक नुकसान के साथ समाज को भी क्षति पहुचाता है। नशे से ग्रसित व्यक्ति से आज हर कोई दूर भाग रहा है। यह बात पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने महाशक्ति चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा 'एक पदयात्रा नशे के खिलाफ' को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए कही। इस अवसर पर महाशक्ति चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक भवानी सिंह, जिला परिषद चेयरमैन सुमन खिचड, रजाबाद सरपंच गुरबेज सिंह, सरपंच लक्ष्मण, सरपंच हेमराज, सरपंच जोगिन्द्र, प्रमोद कुमार, मनोज कुमार, नम्बरदार अशोक कम्बोज, मंगत मित्तल, ओमप्रकाश चुघ, कपिल खत्री, अमन राघव, रजत खांडा, अनिल कुमार सहित गनमान्य लोग मौजूद थे।पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने कहा कि पुलिस प्रसाशन दिन-रात नशे के खिलाफ कार्यवाही कर रहा है। समय-समय पर विशेष मुहिम चलाकर नशा तस्करों को पकडकर सलाखो के पीछे भेजा जा रहा है। उन्होंने कहा कि नशा बेचने के बारे कोई सूचना देने वाले का नाम गुप्त रख कर कार्यवाही की जा रही है। पुलिस प्रसाशन नशा तस्करों की संपति को कुर्क भी कर रहा है। उन्होंने महाशक्ति चैरिटेबल ट्रस्ट की इस मुहिम के लिए पुलिस प्रसाशन की ओर धन्यवाद करते हुए कहा कि महाशक्ति चैरिटेबल ट्रस्ट जिस तरह से नशे के खिलाफ कार्यवाही कर रहा है, वे बधाई के पात्र है।

#### घर-घर जाएंगे

नशे के खिलाफ इस यात्रा के दौरान वे हर गांव के घर-घर जाएंगे व नशे से ग्रस्त व्यक्तियों की जानकारी जुटाएंगे तथा उन्हें नशा छुड़वाने के बारे में प्रेरित करेंगे। उन्होने कहा कि नशे से ग्रस्त व्यक्तियों को यदि दवाई की जरूरत है उसे ट्रस्ट द्वारा निशुल्क उपल्बध करवाया जाएगा। ट्रस्ट का एक ही लक्ष्य फतेहाबाद जिले को नशा मुक्त करना है।

### राज्यस्तरीय महिला पुरस्कारों के लिए 16 तक आवेदन

*सिरसा। हरियाणा महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट उपलब्धियां हासिल करने वाली महिलाओं से राज्य स्तरीय पुरस्कारों के लिए 16 दिसंबर तक सिफारिशें आमंत्रित की गई हैं। इन पुरस्कारों के लिए आवेदन के लिए आवेदक अपना संपूर्ण बायोडाटा सहित संबंधित खंड के महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी (सीडीपीओ) कार्यालय में 16 दिसंबर तक जमा करवाएं ताकि आगामी प्रक्रिया की जा सकें। गौरतलब है कि विभाग द्वारा प्रतिवर्ष विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धियां हासिल करने वाली महिलाओं को अनेक पुरस्कारों से सम्मानित किया जाता है और यह पुरस्कार प्रत्येक वर्ष अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर 8 मार्च को प्रदान किए जाते हैं। इन पुरस्कारों में इंदिरा गांधी महिला शक्ति पुरस्कार के तहत 1 लाख 50 हजार रुपये एवं प्रशस्ति पत्र, कल्पना चावला शौर्य पुरस्कार दिया जाता है।*

### बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी में गुनगुन प्रथम

**सिरसा।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मेला ग्राउंड में आयोजित जिला स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी में पीएमश्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चौटाला की मेधावी छात्रा गुनगुन ने धूम मचाई। कचरा प्रबंधन और प्लास्टिक के विकल्प उपविषय में प्रस्तुत उनके नवाचारी मॉडल को निर्णायक मंडल ने सर्वश्रेष्ठ मानते हुए प्रथम स्थान प्रदान किया। जिलेभर के सातों खंडों से चयनित 147 प्रतिभागियों ने अपने-अपने मॉडल प्रदर्शित किए। इस वर्ष प्रदर्शनी का मुख्य विषय विकसित और आत्मनिर्भर भारत के लिए एसटीईएम रहा। गुनगुन सहित जिला स्तर के सभी विजेता अब राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी में सरसा का प्रतिनिधित्व करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल प्राचार्या परमजीत कौर ने की, जबकि मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी सुनीता साईं एवं विशिष्ट अतिथि जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी विजय लक्ष्मी रहीं। निर्णायक मंडल के 14 सदस्यों ने सभी उपविषयों के मॉडलों का बारीकी से मूल्यांकन किया। गुनगुन की इस शानदार उपलब्धि पर स्कूल स्टाफ, साथी छात्र-छात्राओं एवं परिजनों में खुशी की लहर है।